26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : मंगलवार, 4 अगस्त , 2026
अंक- 281 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# हंगामे के बीच विधानसभा में 59 हजार करोड़ रुपये का अनुपूरक बजट पेश

लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )। उत्तर प्रदेश विधानसभा में आज विपक्ष के हंगामे के बीच वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने वर्ष 2026-27 के लिए करीब 59 हजार करोड़ रुपये का अनुपूरक बजट सदन में पेश किया। सदन की आज की कार्यवाही शुरू होते ही समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस के सदस्यों ने चंदा-चढ़ावा के मुद्दे को लेकर जोरदार हंगामा शुरू कर दिया। विपक्षी सदस्य नारेबाजी करते हुए सरकार के खिलाफ विरोध जताते रहे, जिससे सदन का माहौल काफी देर तक गर्म रहा। इस बीच विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने सदन की कार्यवाही 12 बजकर 20 मिनट तक के लिये स्थगित कर दी थी। दोपहर 12:20 पर जैसे ही सदन की कार्यवाही फिर से शुरु हुयी कि विपक्ष ने हंगामा शुरु कर दिया, मगर इस दौरान वित्त मंत्री ने लगातार शोर-शराबे के बावजूद बजट प्रस्तुति की औपचारिक प्रक्रिया पूरी की। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने विपक्षी सदस्यों से बार-बार अपनी सीटों पर लौटने और सदन की कार्यवाही सुचारु रूप से चलने देने की अपील की। उन्होंने कहा कि सभी सदस्यों को अपनी बात रखने का अवसर मिलेगा, लेकिन विपक्ष का हंगामा लगातार जारी रहा। सत्ता पक्ष के सदस्य भी विपक्ष के विरोध का जवाब देते रहे, जिसके कारण कुछ समय तक सदन में तीखी नोकझोंक का माहौल बना रहा।



## मदरसों में कामिल और फ़ाज़िल की पढ़ाई पर रोक

उत्तर प्रदेश सरकार मदरसों की ओर से दी जाने वाली कामिल ( ग्रेजुएशन ) और फाजिल ( पोस्ट ग्रेजुएशन ) डिग्री पर रोक लगाने जा रही है। इसको लेकर एक प्रस्ताव सीएम आदित्यनाथ योगी की कैबिनेट में आज पेश किया गया। इस प्रस्ताव के पास होते ही मदरसों में अब सिर्फ 12वीं तक ही पढ़ाई करवाई जा सकेगी। सरकार यह फैसला सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार ले रही है। दरअसल 5 नवंबर, 2024 को अंजुम कादरी और अन्य बनाम भारत संघ मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि बिना विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की गाइडलाइंस को फॉलो किए चल रहे, इस तरह के कोर्स को बंद करना होगा।

REQUIRED

Tele Calling Staff, Phlebotomist एवं Lab Technician (Male/ Female) की आवश्यकता। इच्छुक उम्मीदवार तुरंत संपर्क करें।

Charak Pathology Lab
Near Roadways Bus Stand, Civil Lines, Bijnor.
9917066099, 9837117997

आदर्श आयुर्वेदा
गुप्त रोग घबरायें नहीं उचित इलाज करवायें
धात, सैक्स, नामर्दी, शीघ्रपतन, बेऔलाद, शुक्राणु की कमी
जबर्दस्त मर्दाना ताकत प्राप्त करें।
गठिया, बाय, जोड़ों व घुटनों के पुराने दर्द का आयुर्वेद दवाइयों द्वारा सफल इलाज।
पता- बैराज रोड, निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बिजनौर
मो. 7017484725 बुधवार पूर्ण अवकाश

आवश्यकता है
हल्दौर स्थित गारमेंट फैक्ट्री के लिए कुशल लेयर कटिंग मास्टर एंव कुशल महिला ऑफिस असिस्टेंट की आवश्यकता है। संपर्क करें-
9319823965
8191819148









# पुष्पेंद्र शेखावत ने ठोंकी ताल

## पिता रह चुके दो बार विधायक, एक बार मंत्री

**नूरपुर ( चिंगारी )।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व राज्यमंत्री महावीर सिंह के पुत्र जिला सहकारी संघ के चेयरमैन पुष्पेन्द्र शेखावत ने नूरपुर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने के लिए दावेदारी पेश की है। पुष्पेन्द्र शेखावत का परिवार राजनीति में अच्छा प्रभाव रखता है। वह सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं तथा क्षेत्र के हर वर्ग के लोगों की समस्याओं को सुनकर उनका समाधान कराने की कोशिश करते हैं। पेशे से कृषक व व्यापारी पुष्पेन्द्र शेखावत राजनीतिक पृष्ठ भूमि से आते हैं। उनके पिता महावीर सिंह दो बार विधायक तथा एक बार राज्य सरकार में राज्यमंत्री के पद पर आसीन रहे। पुष्पेन्द्र शेखावत छात्र जीवन से ही राजनीति में सक्रिय रहे। विधानसभा क्षेत्र में एमएलसी चुनाव का संयोजक व चान्दपुर विधानसभा क्षेत्र के बास्टा मण्डल के मण्डल प्रभारी रहै।भारतीय जनता पार्टी में जिला मन्त्री के दायित्व का निर्वहन किया है। लोकसभा चुनाव में नूरपुर विधानसभा में संयोजक के दायित्व का निर्वहन किया है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद तहसील चान्दपुर का संयोजक रहे हैं। भारतीय जनता युवा मोर्चा में जिला मन्त्री के दायित्व का निर्वहन भी कर चुके हैं। पार्टी कार्यक्रमों एवं पार्टी हित के कार्यो में हमेशा सक्रिय रहते हैं। नूरपुर विधानसभा क्षेत्र में गोहावर मण्डल व हसुपुरा सेक्टर के प्रभारी पद पर भी रहे हैं। पुष्पेन्द्र शेखावत 1995 से लगातार भाजपा के सक्रिय सदस्य रहे। वर्तमान में 2018 से लगातार जिला सहकारी संघ लिमिटेड बिजनौर के अध्यक्ष पद पर आसीन हैं। केन्द्रीय उपभोक्ता भण्डारण नई दिल्ली में निरन्तर चौथी बार प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। क्रय विक्रय समिति चांदपुर के लगातार 3 बार निर्वाचित अध्यक्ष रहे हैं। 2007 से 2012 तक जिला सहकारी संघ लिमिटेड बिजनौर का निर्वाचित संचालक भी रहे हैं। उनका कहना है कि यदि पार्टी हाईकमान ने उन्हें अवसर दिया तो वह नूरपुर विधानसभा क्षेत्र में जीत का परचम लहरायेंगे और लोगों की सेवा व क्षेत्र का चहुंमुखी विकास करेंगे। बता दें कि विधानसभा चुनाव के लिए क्षेत्र के करीब दर्जन भर लोगों ने चुनाव की ताल ठोंक रखी है। देखना है पार्टी हाईकमान किस नेता पर अपना भरोसा जताती है।






# दुकान के कब्जे का विवाद हिंसक, घर में घुसकर की फायरिंग

## आठ आरोपियों के विरुद्ध नामजद रिपोर्ट दर्ज

**स्योहारा ( चिंगारी )।** सहसपुर कस्बे में दुकान के कब्जे को लेकर चल रहा विवाद अब आपराधिक घटना तक पहुंच गया है। महिला की तहरीर पर पुलिस ने घर में घुसकर फायरिंग, गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में आठ नामजद समेत अन्य लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद मामला और चर्चा में आ गया है।

पीड़िता गुलफिशा पत्नी मोहम्मद जावेद का आरोप है कि रविवार देर रात करीब 11:45 बजे युनुस, सायरा, शादाब, शोएब, प्रिंस, आजम, यासीन सहित आठ नामजद और कुछ अज्ञात लोग हथियारों व लोहे की सरिया से लैस होकर उनके घर पहुंचे। आरोपियों ने पहले गाली-गलौज और अभद्र व्यवहार किया, फिर परिवार को जान से मारने की धमकी देते हुए फायरिंग कर दी। गोलियों की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचने लगे, जिसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए।

घटना की सूचना तत्काल यूपी-112 पुलिस को दी गई। पीड़ित पक्ष का कहना है कि घटनास्थल से फायरिंग का एक खोखा बरामद हुआ है। साथ ही घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गई, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में घटना से जुड़ी गतिविधियां दिखाई देने का दावा किया जा रहा है। पुलिस फुटेज की भी जांच कर रही है।

धामपुर पुलिस क्षेत्राधिकारी अंजनी कुमार ने बताया कि दुकान के कब्जे को लेकर मारपीट की सूचना प्राप्त हुई थी। मामले का संज्ञान लेते हुए मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। प्रकरण में सुसंगत धाराओं में उचित वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

बिजनौर में खुल गया है
ATHER
कम डाउन पेमेंट कम ब्याज दर
आज ही लायें एथर स्कूटर
ATHER




बिजनौर/धामपुर में एथर शोरूम के लिये आवश्यकता है- शोरूम मैनेजर, सेल्स एक्सयूटिव एवं मैकेनिक की।
मो. 8192801901
Dhruvika Motors
Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9240083911

बुर्का पहनकर कांवड़ लाने वाली तमन्ना पर संभल प्रशासन का शिंकजा ( पेज 16 )



# नगीना सर्किल में चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात



नगीना के सीओ कार्यालय में बने कंट्रोल रुम में कैमरों की निगरानी करता पुलिसकर्मी।

**नगीना ( चिंगारी )।** पुलिस क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार सोलंकी का कहना है कि कांवड़ यात्रा के मद्देनजर पूरे नगीना सर्किल में चप्पे-चप्पे पर पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। उन्होंने कहा कि पूरी कांवड़ यात्रा के दौरान सीसीटीवी कैमरों से निगरानी के लिए उनके कार्यालय में 24 घंटे एक कंट्रोल रूम काम कर रहा है।

सीओ राजेश कुमार ने बताया कि पूरे नगीना सर्किल में हर दो किलोमीटर की दूरी पर तीन श्रेणी में पुलिस पिकेट की तैनाती की गई है। उन्होंने बताया कि ए श्रेणी में 14 पिकेट, बी श्रेणी की दस व सी श्रेणी की 12 पुलिस पिकेट अलग-अलग स्थान पर बनाई गई है। बताया कि इसमें दरोगा, सिपाहियों की अलग-अलग श्रेणी के हिसाब से तैनाती की गई है। ड्यूटी में तैनात पुलिसकर्मियों की सुरक्षा व सुविधाओं का भी इसमें पूरा ख्याल रखा गया है। उनका कहना है कि इसके अलावा पूरे सर्किल में करीब 50 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की मदद से पूरी कांवड़ यात्रा की सुरक्षा दुरुस्त रखी जा रही है, जिसकी निगरानी के लिए 24 घंटे उनके कार्यालय में बनाए गए कंट्रोल रुम में कैमरों की निगरानी वहां तैनात पुलिसकर्मियों द्वारा की जा रही है।

सीओ ने बताया कि नगीना-रायपुर तिराहे पर शिवभक्तों की सुविधा के लिए एक चिकित्सा शिविर भी लगाया गया है, जिसमें उन्हें सभी प्रकार की चिकित्सा सुविधा मुहैया कराई जा रही है। उनका कहना है कि शिव भक्तों को नगीना क्षेत्र में किसी प्रकार की भी कोई असुविधा न हो इसका पूरा ध्यान रखते हुए वह खुद लगातार सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि गौसपुर तिराहे पर एक मिशन शक्ति का केंद्र भी स्थापित किया गया है, जहां महिला पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई है।



नगीना क्षेत्र में कांवड़ यात्रा के मद्देनजर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र पर तैनात महिला पुलिसकर्मी।






## क्लीनिक में घुसकर डाक्टर से मारपीट व तोड़फोड़ की

**शेरकोट ( चिंगारी )।** एक चिकित्सक ने तीन युवकों पर मारपीट और क्लीनिक में तोड़फोड़ करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई करने की गुहार की है।

पुलिस को दी तहरीर में बढ़ापुर थाना क्षेत्र के ग्राम धर्मूवाला निवासी डा. मोहित कुमार ने बताया कि ग्राम कोपा नंगला में किराये की दुकान में उनका क्लीनिक है। आरोप है कि रविवार की सुबह गांव का रहने वाला गौरव कुमार उनकी दुकान पर दवाई लेने अपने साथी जितेंद्र उर्फ टाटा के साथ आया था, उस समय वे दवाई लेकर वहां से चले गए। आरोप है कि शाम को आठ बजे फिर से दोनों आरोपी हेमंत कुमार उर्फ काकी के साथ दुकान पर पहुंचे और उन्होंने बिना बात गालियां देनी शुरू कर दीं और काउंटर को पलटने के लिए आगे बढ़ना शुरू कर दिया। डा. मोहित के मुताबिक जब उसने आरोपियों को ऐसा करने से मना किया तो उन्होंने उसके साथ जमकर मारपीट करते हुए दुकान में तोड़फोड़ कर दी, जिससे काफी नुकसान हो गया। शोर सुनकर आसपास के लोगों के आने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से फरार हो गए। थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर तीनों आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।




**भली लगे या बुरी ...**

## दम तोड़ती शिक्षा व चिकित्सा व्यवस्था

शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी आधारभूत सेवाओं को निजी क्षेत्र को सौंपे जाने का असर अब सिर चढ़ कर बोल रहा है। निजी क्षेत्र का एक ही सिद्धांत है- सिर्फ मुनाफा और मुनाफा। ऐसे में पिछले कुछ समय से देश में उच्च शिक्षा की स्तरीयता पर लगातार सवाल उठते रहे हैं। पूर्व केन्द्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री स्मृति ईरानी की शैक्षणिक योग्यता और डिग्री पर खूब सवाल उठे थे जबकि इससे ज्यादा महत्वपूर्ण सवाल उच्च शिक्षण संस्थानों की संख्या और गुणवत्ता को लेकर है, जिस पर तत्काल ध्यान देने की जरूरत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार के सामने एक बड़ा सवाल है कि क्या देश की शिक्षा और चिकित्सा के हालात सुधरेंगे? बताने की जरूरत नहीं कि देश में शिक्षा और चिकित्सा व्यवस्था की हालत क्या है। हर तरफ लूट और केवल लूट मची है। सरकारी व्यवस्था दम तोड़ चुकी है, जबकि निजी क्षेत्र दोनों हाथों से देश की जनता को लूट रहा है। आम जनता में हाहाकार मचा है, फिर भी सरकार के कानों पर जूं नहीं रेंग रही। निजी क्षेत्र को लगातार बढ़ावा दिया जा रहा है और सरकार अपनी जिम्मेदारी से मुंह मोड़ रही है। महंगी शिक्षा और महंगी चिकित्सा के चलते देश की लगभग 80 फीसदी आबादी की हालत बेहद खस्ता है। महंगी शिक्षा के चलते निम्न ही नहीं, मध्यम परिवार भी अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा नहीं दिला पा रहे, जबकि निजी चिकित्सा इतनी महंगी है कि आम लोग या तो ऊंचे ब्याज पर कर्ज लेकर या अपना कुछ बेचकर इलाज करा पाते हैं या फिर बिना इलाज के एड़ियां रगड़कर दम तोड़ देते हैं।

शिक्षा की हालत तो ये है कि जिस नई शिक्षा नीति को सरकार और उसके समर्थक संगठनों व संस्थाओं ने वरदान बताया था, उसने शिक्षा का बंटाधार कर दिया है। इस समय तकनीकी शिक्षा अपने सबसे बुरे दौर में है। पिछले तीन सालों से लगातार इंजीनियरिंग में लाखों सीटें खाली हैं, इसके साथ ही आईआईटी का नियंत्रण प्रभाव लगातार कम होता जा रहा है। दुनिया के टॉप 200 विश्वविद्यालयों में भी हमारे यहां से दो-चार विश्वविद्यालय ही हैं। कुल मिला कर देश में उच्च और तकनीकी शिक्षा का हाल बद से बदतर होता जा रहा है। यही हाल चिकित्सा व्यवस्था का भी है।

# पदकों से आगे राष्ट्र निर्माण का स्वर्णिम अवसर..

ग्लासगो में सम्पन्न कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 भारत के लिए केवल खेल उपलब्धियों का अध्याय नहीं, बल्कि राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य का उद्घोष बनकर सामने आया है। भारतीय खिलाड़ियों ने 13 स्वर्ण, 17 रजत और 9 कांस्य सहित कुल 39 पदक जीतकर यह सिद्ध कर दिया कि अनुशासन, परिश्रम और अदम्य इच्छाशक्ति के सामने कोई लक्ष्य असंभव नहीं होता। इन पदकों की चमक में वर्षों का संघर्ष, त्याग, कठिन साधना और तिरंगे को सर्वोच्च स्थान पर देखने का संकल्प समाहित है।

आज जब समाज का एक वर्ग, विशेषकर युवा पीढ़ी, नशे, डिजिटल व्यसन, त्वरित सफलता की मानसिकता और सामाजिक विकृतियों के आकर्षण से जूझ रही है, तब भारतीय खिलाड़ियों का यह प्रदर्शन केवल खेल उपलब्धि नहीं, बल्कि एक सशक्त सामाजिक संदेश है। इन खिलाड़ियों ने अपने आचरण और उपलब्धियों से सिद्ध किया है कि युवा शक्ति की वास्तविक पहचान क्षणिक प्रसिद्धि में नहीं, बल्कि लक्ष्य के प्रति समर्पण, अनुशासन, आत्मसंयम और राष्ट्रहित में निहित है। यदि यही ऊर्जा कुपथ के स्थान पर सुपथ की ओर प्रवाहित हो, तो वही युवा राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति बन सकता है।

खेल केवल पदक दिलाने का माध्यम नहीं हैं, वे व्यक्तित्व निर्माण की पाठशाला हैं। वे धैर्य, नेतृत्व, टीम भावना, संघर्षशीलता और विपरीत परिस्थितियों में भी विजय का विश्वास सिखाते हैं। भारत के खिलाड़ियों ने करोड़ों युवाओं के सामने एक जीवंत उदाहरण प्रस्तुत किया है कि सफलता किसी संयोग का परिणाम नहीं, बल्कि निरंतर अभ्यास और अटूट संकल्प का प्रतिफल होती है।




इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के साथ एक और ऐतिहासिक अवसर भारत के द्वार पर दस्तक दे चुका है। कॉमनवेल्थ गेम्स के शताब्दी संस्करण 2030 की मेजबानी भारत को प्राप्त हुई है। यह केवल आयोजन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि विश्व समुदाय द्वारा भारत की बढ़ती क्षमता और नेतृत्व पर व्यक्त विश्वास का प्रमाण है। अब हमारा लक्ष्य केवल भव्य आयोजन नहीं होना चाहिए, बल्कि ऐसा खेल वातावरण तैयार करना होना चाहिए, जहां भारत पदक तालिका में शीर्ष स्थान प्राप्त करने की क्षमता विकसित करे।

विद्यालयों से लेकर विश्वविद्यालयों तक, गांवों से लेकर महानगरों तक खेल संस्कृति को जनआंदोलन बनाना होगा। प्रतिभा की पहचान, आधुनिक प्रशिक्षण, वैज्ञानिक खेल प्रबंधन और खिलाड़ियों के सम्मान को राष्ट्रीय प्राथमिकता बनाना समय की मांग है। विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा, जब हमारा युवा स्वस्थ, अनुशासित, आत्मविश्वासी और राष्ट्र के प्रति समर्पित होगा। ग्लासगो की सफलता हमें केवल गर्व करने का अवसर नहीं देती, बल्कि एक राष्ट्रीय संकल्प का आह्वान भी करती है। आइए, हम आज से ही यह प्रण लें कि 2030 के शताब्दी कॉमनवेल्थ गेम्स में भारत केवल मेज़बान नहीं, बल्कि विश्वविजेता बनने की दिशा में निर्णायक कदम बढ़ाएगा। यही हमारे खिलाड़ियों के परिश्रम का सम्मान, युवाओं के लिए सबसे बड़ी प्रेरणा और विकसित भारत की सच्ची आधारशिला होगी।



**-प्रकाश पंकज**
**शिक्षक, हल्दौर**

# दवाब और मित्रता पर डटे रहना

आज अमरीका, आर्थिक और सैनिक रूप से जैसा सशक्त है, कोई दूसरी शक्ति उससे अभी बहुत दूर है। अधिक से अधिक 65/35 के अनुपात पर चीन को कह सकते हैं। असीमित शक्ति और अहंकार व तानाशाही मिजाज, सदैव साथ-साथ चलते आये हैं। अहंकार का रास्ता उग्रता है। वियतनाम, कम्बोडिया, इराक, लीबिया, सीरिया, लाउस, ईरान सब अमरीकी क्रोध अथवा उग्रता का शिकार हो चुके हैं। कभी हिटलर-मोसिलिनि को शक्ति का यह स्टेटस प्राप्त थे, उन्होंने यहीदयों, साम्यवादियों, आस्ट्रिया जैसे छोटे देश को न बख्शा, न रूस जैसे दुनिया के सबसे बड़े देश को। शक्ति का असन्तुलन सदैव घातक सिद्ध हुआ है।

असन्तुलित शक्ति का सबसे बड़ा दोष है प्रत्येक जटिलता अथवा समस्या का समाधान शक्ति से करने की प्रवृत्ति विकसित करना है। यह असन्तुलित शक्ति व्यापार, मानवीय मूल्य, नैतिक मूल्य और छोटे व कमजोर देशों की स्वतंत्रता से फैसले करने के अधिकारों को लगभग दबाने में उग्रता से योगदान करती है और अतीत में ऐसा होता रहा है।

1945 के बाद सोवियत संघ टूटने तक कम से कम खुले बाजार उग्रता से अप्रभावित थे। अब बात बाजार तक आ पहुंची है। सोवियत संघ अपने मित्र देशों की बहुत दूर तक जाकर सहायता करता था। 1971 में हमारी हर तरह से मदद की। कश्मीर पर 4 बार सिक्योरिटी काउंसिल में हमारे हक में बीटो किया। 1962 में चीन से युद्ध में, सोवियत संघ हमारे साथ खड़ा रहा। यद्यपि चीन और रूस दोनों साम्यवादी देश थे। रूस का नाम ही सुनकर राहत महसूस होती है। फिर हमें यह ज्ञान भी नहीं कि यूक्रेन का वर्तमान राष्ट्रपति किस उद्देश्य से और किन शक्तियों के उकसावे पर नैटो को रूस की सीमा तक लाना चाहता था, जबकि यूक्रेन को सोवियत संघ से अलग होकर स्वतंत्र देश के रूप में स्थापित करने की मूल शर्त यही थी कि यूक्रेन प्रथक देश के रूप में नैटो का सदस्य नहीं बनेगा। जेलीसंकी का यह फैसला युद्ध का कारण रहा है। इसमें किसी को शंका नहीं होनी चाहिये।

युद्ध कहीं भी हो, मानव और सम्पत्ति का विनाश ही परिणाम होता है। युद्ध नि:सन्देह समाप्त होना चाहिये, परन्तु युद्ध का बहाना बनाकर अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में उथल-पुथल मचाना बिल्कुल भिन्न बात है। जो देश 20 वर्ष अफगानिस्तान में 11 वर्ष वियतनाम-कम्बोडिया, दो-तीन वर्ष सीरिया, इराक आदि देशों में युद्ध करता रहा हो, उसके किसी युद्ध सम्बंधित बहाने में कोई बड़ा वजन नहीं है। यूं भी कठिन समय में मित्र की किसी भयवश अथवा लालच में उपेक्षा करना भारतीय संस्कृति और स्वभाव के विपरीत है। एहसान फरोमोशी हमारा कल्चर है ही नहीं।



**मुहम्मद मुस्लिम खां, मो. 9711132012**

# धैर्य और सफलता

**बोध कथा**

एक बार एक व्यक्ति ने प्रतिज्ञा की कि वह स्वयं कुआं खोदकर पानी निकालेगा। उसने जोश-जोश में जमीन खोदना शुरू किया। जब उसने 10 फीट खुदाई की तो पानी नहीं निकला, तो वह निराश हो गया। उसने सोचा, 'यहां की जमीन शायद सूखी है, मुझे दूसरी जगह कोशिश करनी चाहिए।' उसने दूसरी जगह खुदाई शुरू की।

वहां भी 15 फीट खोदने के बाद जब पानी नहीं दिखा, तो उसने उसे भी छोड़ दिया और तीसरी जगह खोदना शुरू कर दिया। इसी तरह उसने अपनी मेहनत और समय बर्बाद करते हुए अलग-अलग जगहों पर दस-बारह छोटे-छोटे गड्ढे खोद डाले, लेकिन उसे कहीं भी पानी नहीं मिला। अंत में वह थककर बैठ गया और अपनी किस्मत को कोसने लगा, तभी वहां से एक महात्मा गुजरे। उस व्यक्ति ने अपनी परेशानी उन्हें बताई। महात्मा ने उन गड्ढों की ओर इशारा करते हुए शांत भाव से कहा- 'पुत्र! यदि तुमने इतनी ऊर्जा और समय अलग-अलग दस गड्ढे खोदने में बर्बाद करने के बजाए, धैर्य रखकर एक ही गड्ढे को 100 फीट तक खोदा होता, तो तुम्हें अब तक शीतल जल मिल गया होता। सफलता रातों-रात नहीं मिलती। बार-बार रास्ता बदलने से लक्ष्य दूर हो जाता है। इधर-उधर भटकने से बेहतर है कि अपनी पूरी शक्ति एक ही लक्ष्य पर केंद्रित की जाए। जब हम एक ही दिशा में धैर्य के साथ प्रयास करते हैं, तभी हम गहराई तह पहुंच पाते हैं और परिणाम प्राप्त करते हैं।' वह व्यक्ति समझ गया कि मेहनत तो उसने बहुत की, लेकिन उसमें धैर्य और एकाग्रता की कमी थी।

# निर्विरोध चुने गये कन्या इंटर कॉलेज प्रबंध समिति के पदाधिकारी



**धामपुर ( चिंगारी )।** महिला शिक्षा के क्षेत्र में नगर की पुरानी शिक्षण संस्था कन्या इंटर कॉलेज की प्रबंध समिति के 5 वर्षीय कार्यकाल हेतु हुए चुनाव में सभी पदों पर एकल नामांकन होने के कारण सोमवार को की गई घोषणा में चार पदाधिकारियों व सात कार्यकारिणी सदस्यों के नाम की घोषणा कर दी गई है। जिला विद्यालय निरीक्षक बिजनौर डीके सक्सेना द्वारा कन्या इंटर कॉलेज की प्रबंध समिति के चुनाव हेतु चौधरी बलदेव सिंह हायर सेकेंडरी स्कूल बमनोली के प्रधानाचार्य डॉक्टर हरी सिंह को पीठासीन अधिकारी व राजकीय हाईस्कूल शाह अलीपुर नीचल शेरकोट के प्रधानाचार्य शरत कुमार को पर्यवेक्षक मनोनीत किया गया था। इनकी देखरेख में प्रबंध समिति के चुनाव की सभी प्रक्रियाएं पूर्ण की गईं।

सोमवार की शाम पीठासीन अधिकारी डॉक्टर हरी सिंह ने बताया कि कन्या इंटर कॉलेज की प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष पद पर गौरव माहेश्वरी, प्रबंधक पद पर डॉक्टर शलभ कुमार अग्रवाल, उपप्रबंधक पद पर आशू कुमार अग्रवाल, कोषाध्यक्ष पद पर विकास गर्ग तथा सात कार्यकारिणी सदस्य पद पर मनोज माहेश्वरी, संजीव जैन, पुरुषोत्तम अग्रवाल, श्रीमती प्रियंका माहेश्वरी, सौरभ मित्तल, कृष्णकांत अग्रवाल, विपिन कुमार आदि का निर्वाचन घोषित किया गया। उन्होंने बताया कि साधारण सभा के सदस्य मनू गौड़ द्वारा की गई शिकायत को विद्यालय की प्रशासनिक योजना के निहित अधिकारों के अंतर्गत निरस्त कर दिया गया है।


### इन्होंने दी बधाई

कन्या इंटर कॉलेज की नवनियुक्त प्रबंध समिति के पदाधिकारियों को बधाई देने वालों में भाजपा नगर अध्यक्ष दीपक अग्रवाल, पूर्व उपाध्यक्ष नरेंद्र कुमार अग्रवाल, महेशचंद्र डाबर, गोविंद शरण गुप्ता, सुनील गुप्ता, गौरव अग्रवाल,उदित बंसल,विवेक जैन, उदित बंसल, पंकज महेश्वरी व प्रधानाचार्या रेखा रानी शामिल रहे।

## आरक्षण की आग बुझाओ




आज़ादी का महादिवस है !
छिड़ी हुई सब ओर बहस है !!
आरक्षण की आग बुझाओ !
देश जल रहा, युवा विवश है !!
अग्निशिखा छू रही गगन को !
दूर-दूर तक बढ़ी झुलस है !!
चिंता है भारत जलने की !
लोकतंत्र में हुई तमस है !!
घोर स्वार्थ है नेताओं में !
जनता का आहत अंतस है !!
संसद में अपराधी बैठे !
राजनीति में बड़ी उमस है !!
जागो! जागो! राष्ट्रसेवकों !
हुई पूर्णिमा की तेरस है !!
शीश धुनोगे ! पछताओगे !
उठो ! अशांति नहीं श्रेयस है !!
ज्वालामुखी फूटने वाला !
आरक्षण-बमन्तहस-नहस है !!




–डा. महेश 'दिवाकर'

## सीएमएस द्वारा जारी अटैचमेंट आदेश को प्राचार्य ने किया निरस्त

**बिजनौर ( चिंगारी )।** महात्मा विदुर स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, बिजनौर की प्राचार्य ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी (CMO) कार्यालय द्वारा जारी वरिष्ठ सहायक के अटैचमेंट संबंधी आदेश को निरस्त करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि भविष्य में चिकित्सा महाविद्यालय से संबंधित किसी भी अधिकारी अथवा कर्मचारी की संबद्धता (अटैचमेंट) या कार्य आवंटन संबंधी आदेश बिना प्राचार्य की पूर्व सहमति एवं अनुमति के जारी न किए जाएं। 30 जुलाई 2026 को जारी पत्र में प्राचार्य ने कहा कि संबंधित कर्मचारी की चिकित्सा महाविद्यालय से संबद्धता पूर्व में ही समाप्त की जा चुकी है तथा उन्हें कार्यमुक्त भी किया जा चुका है। ऐसे में 25 जुलाई 2026 को जारी दो दिवसीय अटैचमेंट आदेश प्रशासनिक अभिलेखों और पूर्व आदेशों के अनुरूप नहीं पाया गया। इसी आधार पर उक्त आदेश को निरस्त करने का अनुरोध करते हुए संबंधित कर्मचारी से उनके मूल कार्यालय में ही कार्य कराने को कहा गया है। प्राचार्य ने पत्र में प्रशासनिक समन्वय बनाए रखने पर भी विशेष जोर देते हुए निर्देशित किया कि भविष्य में इस प्रकार के किसी भी आदेश से पूर्व चिकित्सा महाविद्यालय प्रशासन की पूर्व अनुमति प्राप्त की जाए, ताकि दोनों कार्यालयों के बीच समन्वय बना रहे और प्रशासनिक कार्य प्रभावित न हों।

## केवल मंदिर आने पर प्रवचन सुनने से धर्म सिद्ध नहीं होता- जैन मुनि



**नहटौर ( चिंगारी )।** जैन मुनि श्री विव्रत सागर जी महाराज ने जीवन की सार्थकता और कर्तव्यों के निर्वहन पर प्रकाश डालते हुए कहा श्रावक के छह कर्तव्यों का पालन अनिवार्य है। सोमवार को श्री दिगम्बर जैन मंदिर में जैन मुनि ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि मनुष्य को अपने जीवन की अनिश्चितता को समझते हुए क्षणभंगुर संसार में मोह के बजाय अपने आत्मिक विकास पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि केवल मंदिर आने या प्रवचन सुनने से धर्म सिद्ध नहीं होता। एक श्रावक के रूप में व्यक्ति को अपने छह कर्तव्यों (देव पूजा, गुरु उपासना, स्वाध्याय, संयम, तप और दान) के प्रति ईमानदार होना चाहिए। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज के व्यस्त जीवन में मनुष्य भौतिक सुख-सुविधाओं के लिए अपनी किडनी तक दांव पर लगाने को तैयार है, लेकिन धर्म-ध्यान के लिए उसके पास समय नहीं है। प्रवचन के अंत में मुनि श्री ने चक्रवर्ती सम्राट वज्रनाभि का उदाहरण देते हुए समझाया। इस अवसर पर राजीव जैन, अजय जैन, विजय जैन, मुकेश जैन, अशोक जैन, सुनील जैन, नितिन जैन, राजेश जैन, प्रभा जैन, अंजू जैन, पूनम जैन, रीता जैन, किरन जैन उपस्थित रहे।

## कांवड़ियों के लिये भण्डारे का आयोजन किया

**कोतवाली देहात ( चिंगारी )।** सावन के प्रथम सोमवार को कोतवाली देहात के मुख्य तिराहे पर शिवभक्तों के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। भंडारे में बड़ी संख्या में कांवड़िये और अन्य शिवभक्त प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं। इस दौरान शिवभक्त कमेटी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने श्रद्धालुओं की सेवा में बढ़-चढ़कर भाग लिया और पूरे श्रद्धाभाव के साथ व्यवस्थाओं को संभाला। कई मुस्लिमों ने भी कांवड़ियों की सेवा की। भंडारे में आने वाले शिवभक्तों के लिए भोजन, पेयजल एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था की गई। श्रद्धालुओं की भारी आवाजाही को देखते हुए मुख्य तिराहे और आसपास के क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए गए। चप्पे-चप्पे पर पुलिसकर्मियों की तैनाती रही। पुलिस टीम यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के साथ-साथ श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा का भी ध्यान रखती नजर आई। इस दौरान कोतवाली देहात के एसएचओ सुनील कुमार सहरावत ने स्वयं मौके पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते नजर आ रहे हैं। उन्होंने पुलिसकर्मियों को सतर्क रहकर ड्यूटी करने तथा श्रद्धालुओं के साथ सहयोगात्मक और संवेदनशील व्यवहार रखने के निर्देश दिए।






# पौधे लगाना ही उद्देश्य नहीं, उनका संरक्षण करना भी आवश्यक : दिगंबर सिंह

## किसानों को पीपल व बरगद के पौधे किये वितरित



**धामपुर ( चिंगारी )।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक द्वारा धामपुर ब्लॉक स्थित डबाकरा हॉल में आयोजित हरियाली से खुशहाली कार्यक्रम के अंतर्गत किसानों को पीपल एवं बरगद के पौधे वितरित किए गए। किसान नेता दिगंबर सिंह ने बताया कि यह अभियान 21 जुलाई से प्रारंभ हुआ है, जिसकी शुरुआत बिजनौर में मंडलायुक्त मुरादाबाद आंजनेय कुमार सिंह ने की थी। अभियान का उद्देश्य प्रत्येक ग्राम पंचायत में एक पीपल एवं एक बरगद का पौधारोपित कर उसका संरक्षण करना तथा वेबसाइट के माध्यम से उसकी ऑनलाइन मॉनिटरिंग करना है।

कार्यक्रम में कृषि अनुसंधान केंद्र नगीना के कृषि वैज्ञानिक डा के के सिंह ने किसानों को मिट्टी संरक्षण, फसल चक्र अपनाने, नकली कृषि रसायनों से बचाव तथा उर्वरकों एवं कीटनाशकों के संतुलित उपयोग के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। इससे पूर्व समेकित कीट प्रबंधन केंद्र देहरादून के वैज्ञानिकों द्वारा भी किसानों को कीट प्रबंधन की जानकारी दी जा चुकी है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चौधरी दिगंबर सिंह ने कहा कि केवल पौधे लगाना ही उद्देश्य नहीं है, बल्कि उनका संरक्षण करना भी उतना ही आवश्यक है। उन्होंने कहा कि मिट्टी का स्वास्थ्य सुरक्षित रहेगा तभी शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण फसल का उत्पादन संभव है। यदि आज पर्यावरण संरक्षण के लिए संकल्प नहीं लिया गया तो आने वाली पीढ़ियों को न शुद्ध भोजन मिलेगा, न स्वच्छ जल और न ही स्वच्छ वायु। जिला अध्यक्ष नितिन सिरोही ने कहा कि आने वाली पीढ़ियों को हम कैसी विरासत और सपना देना चाहते हैं, इस पर हमें गंभीरता से काम करना होगा। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष दुष्यंत राणा, तहसील अध्यक्ष दर्शन सिंह फौजी, सरदार महल सिंह, तेजवीर सिंह, आलोक डगर, लोकेंद्र सिंह, अजय सिंह चौहान, अरविंद कुमार राजपूत, ब्लॉक प्रमुख अल्लापुर नीरज कुमार, कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. के के सिंह, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक धामपुर सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## रोटरी क्लब धामपुर रॉयल्स ने नगीना चौक पर लगाया नि:शुल्क चिकित्सा शिविर



मेडिकल कैंप का उद्घाटन करते हुए राणा प्रियंकर सिंह।

### 15 दिन तक की जायेगी कांवड़ियों की सेवा

**धामपुर ( चिंगारी )।** रोटरी क्लब धामपुर रॉयल्स द्वारा नगीना चौक पर शिवभक्त कांवड़ियों की सेवा के लिए 15 दिवसीय नि:शुल्क चिकित्सा शिविर लगाया गया। शिविर का उद्घाटन कॉ-ऑपरेटिव बैंक के डायरेक्टर प्रियंकर राणा ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर प्रियंकर राणा ने कहा कि रोटरी क्लब समाज सेवा में हमेशा अग्रणी रहा है। उसके द्वारा शिवभक्तों के लिए लगाया गया ये शिविर कांवड़तियों को चिकित्सकीय सहायता प्रदान करेगा। इससे पूर्व रोटरी क्लब धामपुर रॉयल्स के अध्यक्ष रो. मयंक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष रो. अभिषेक अग्रवाल और क्लब के सदस्यों ने प्रियंकर राणा एवं भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष दीपक अग्रवाल का माल्यार्पण कर एवं पटका पहनाकर स्वागत किया।

इस मौके पर रो. अनिल गोयल, रो. सुनील गुप्ता, रो. गौरव माहेश्वरी, रो. मुदित बंसल, रो. विवेक जैन, रो. डॉ. अंकुर वर्मा, रो. सचिन अग्रवाल, रो. अमित गुप्ता, रो. गौरव अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

## मुरादाबाद-बिजनौर स्टेट हाईवे को फोर लेन करने की मांग

**धामपुर ( चिंगारी )।** विधान परिषद सदस्य डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त ने प्रदेश सरकार से मुरादाबाद के छजलैट से वाया नूरपुर होते हुए बिजनौर तक जाने वाले स्टेट हाईवे-76 को फोरलेन में तब्दील करने की मांग की है। नियम-115 के अंतर्गत प्रमुख सचिव, विधान परिषद को 03 अगस्त 2026 को दी गई सूचना में उन्होंने कहा कि लगभग 90 किलोमीटर लंबा यह हाईवे मुरादाबाद, बिजनौर एवं अमरोहा के साथ आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लिए जीवन रेखा है। डॉ. व्यस्त ने कहा कि इस हाईवे के फोरलेन बन जाने से क्षेत्र के छोटे उद्योगों, व्यापारियों और ओडीओपी इकाइयों के व्यापार में वृद्धि होगी साथ ही किसान अपनी उपज को बड़े शहरों में आसानी से पहुंचा सकेंगे। उन्होंने बताया कि फोरलेन बनने के बाद यह हाईवे मुरादाबाद, बरेली, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, दिल्ली-नेशनल हाईवे, गंगा एक्सप्रेस वे और उत्तराखंड के देहरादून, नैनीताल से जुड़ जाएगा। साथ ही अयोध्या, गोरखपुर, वाराणसी जैसे प्रमुख तीर्थ स्थलों की कनेक्टिविटी भी सुगम हो जाएगी जिससे क्षेत्रवासियों का आवागमन आसान होगा।

## शिव महापुराण कथा श्रवण से अमरता प्राप्ति भी संभव : पं. राजेन्द्र



**धामपुर ( चिंगारी )।** दुर्गा विहार कॉलोनी के सिद्ध पीठ श्री नवदुर्गा बाबा खाटू श्याम मंदिर में चल रहे 10 दिवसीय मोक्षदायिनी श्री शिव महापुराण कथा मंदाकिनी महोत्सव के चौथे दिन की कथा में पांच प्रमुख देवताओं गणेश भगवान, सूर्य भगवान, अष्टभुजा धारी मां जगदंबा, विष्णु भगवान तथा भगवान भोलेनाथ के साकार और निराकार स्वरूपों का विस्तार से वर्णन किया गया। इस अवसर पर मंदिर के पीठाधीश्वर आचार्य पंडित राजेंद्र प्रसाद वशिष्ठ महाराज ने भगवान शंकर द्वारा पार्वती को सुनाई गई अमर कथा का विभिन्न बिंदुओं सहित उल्लेख करते हुए बताया कि श्री शिव महापुराण कथा को श्रवण करने से अमरता भी प्राप्त हो जाती है। चौथे दिन की कथा के मुख्य यजमान दूरसंचार विभाग के वरिष्ठ सेवानिवृत अधिकारी डीबी सिंह चौहान तथा उनकी पत्नी गीता देवी चौहान रहे। सामूहिक पूजन कार्यक्रम किरतपुर से पधारे पुरोहित पंडित शुभम शर्मा, पंडित सुमित वशिष्ठ, पंडित अमित वशिष्ठ ने संपादित कराया। कथा के दौरान संगतकारो अभिषेक शर्मा, महंत मोतीलाल शर्मा, शुभम शर्मा द्वारा उच्चारित भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे।

## सौरभ मालपानी विश्व हिन्दू परिषद् के धामपुर जिला अध्यक्ष मनोनीत



**धामपुर ( चिंगारी )।** गत दिवस हापुड़ के सरस्वती बाल विद्या मंदिर में आयोजित विश्व हिंदू परिषद की प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक में धामपुर के मोहल्ला खातियान निवासी सौरभ मालपानी को विश्व हिंदू परिषद के धामपुर का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। उल्लेखनीय है कि विश्व हिंदू परिषद में काफी समय से जिला अध्यक्ष पद को होल्ड पर रखा हुआ था। पूर्व में मनोनीत जिला अध्यक्ष पंकज वर्मा ने सौरभ मालपानी के जिला अध्यक्ष बनने पर कहा कि उनके मनोनयन से संगठन को गति मिलेगी। नव मनोनीत जिला अध्यक्ष सौरभ मालपानी ने बताया कि हापुड़ में हुई बैठक में विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय मंत्री दिनेश उपाध्याय, केंद्रीय सह मंत्री अरुण नेटके, क्षेत्रीय संगठन मंत्री मुकेश खेड़कर, प्रांत अध्यक्ष सुशील जैन, प्रांत मंत्री राजकुमार डूंगर ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। सौरभ मालपानी को जिला अध्यक्ष मनोनीत करने की घोषणा प्रांत मंत्री राजकुमार डूंगर ने की। सौरभ मालपानी श्रीगौरीशंकर मंदिर कमेटी और माहेश्वरी सभा में विभिन्न पदों पर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि संगठन ने जिस आशा और विश्वास के साथ उनको यह दायित्व दिया है, उसका वह निष्ठापूर्वक निर्वहन करेंगे।

## ये कैसा चिकित्सक, शराब पीकर अस्पताल में आया

### वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

**कोतवाली देहात ( चिंगारी )।** समाज में पता नहीं कितनी गिरावट आती जा रही है। चिकित्सक जिसे भगवान का दर्जा दिया जाता है, अगर वह शराब पीकर अस्पताल आए, तो फिर हंगामा होगा ही। स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात एक संविदा चिकित्सक द्वारा स्वास्थ्य विभाग की साख पर बट्टा लगाने का मामला सामने आया है। ड्यूटी के दौरान डॉक्टर साहब नशे में धुत थे, न चला जा रहा था और न ठीक से बोल पा रहे थे। वीडियो वायरल होने पर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. विशाल दिवाकर ने आरोपी संविदा चिकित्सक को हटाने की बात कही।

इलाज के लिए पहुंचे मरीजों और उनके परिजनों ने जब डॉक्टर को नशे की हालत में देखा, तो अस्पताल परिसर में हड़कंप मच गया और उन्होंने इसका विरोध करते हुए जमकर हंगामा किया। स्वास्थ्य केंद्र में रोजाना की तरह आसपास के गांवों से दर्जनों मरीज पहुंचे थे। इसी दौरान ड्यूटी पर तैनात डॉ. अंकित चौधरी की अजीबोगरीब हरकतों को देखकर संदेह हुआ। आरोप है कि डॉक्टर शराब के इतने अधिक नशे में थे कि वे सही से खड़े भी नहीं हो पा रहे थे और मरीजों को देखने की स्थिति में नहीं थे। मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने शराबी डॉक्टर का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

ग्रामीणों का कहना है कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं का बुरा हाल है। सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों की लापरवाही और इस तरह ड्यूटी पर शराब पीकर आने से मरीजों की जान जोखिम में पड़ रही है। जबकि डॉ. अंकित चौधरी ने बताया कि वीडियो बनाने वाले कुछ लोग कथित रूप से निजी एंबुलेंस संचालन से जुड़े हैं तथा किसान यूनियन से भी जुड़े हुए हैं। उनका कहना है कि एक मरीज को सरकारी 108 एंबुलेंस से रेफर किया जाना था, लेकिन निजी एंबुलेंस से भेजने का दबाव बनाया जा रहा था। इसी बात को लेकर विवाद हुआ। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. विशाल दिवाकर ने बताया कि आरोपी चिकित्सक को सीएचसी से हटा दिया गया है।

# कांवरतियों की सुविधा के लिये कई काम करा रही जिला पंचायत

## कांवड़ मार्गों पर अस्थायी प्रकाश व्यवस्था और सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे, कई ब्लाकों में चल रहा कार्य

**बिजनौर ( चिंगारी )।** श्रावण शिवरात्रि कांवड़ मेले को लेकर जिला पंचायत ने तैयारियां तेज कर दी हैं। अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत विकास मिश्रा ने बताया कि वर्ष 2026 के कांवड़ मेले में श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जिले के विभिन्न कांवड़ मार्गों पर अस्थायी प्रकाश व्यवस्था, सीसीटीवी आईपी कैमरे सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं कराई जा रही हैं।

उन्होंने बताया कि विकास खंड नजीबाबाद में मोटा महादेव मंदिर से जटपुरा बौंडा, नजीबाबाद बाईपास नहर पुल से कन्या गुरुकुल, बाईपास मार्ग से फ्लाईओवर, भागूवाला मार्ग पर मोहनपुर तिराहे से जटपुरा खास, मोटा महादेव मंदिर से दाना-पानी होटल मार्ग, भागूवाला पुलिस चौकी से चिड़ियापुर बॉर्डर तथा सरवनपुर नहर पुल से गुनियापुर तक विभिन्न लंबाई के मार्गों पर अस्थायी प्रकाश व्यवस्था की जा रही है।


फाइल फोटो

इसी प्रकार विकास खंड मोहम्मदपुर देवमल में चंदक रेलवे फाटक से अड्डे तक, जंगल शहबाजपुर तथा मंडावर से बिजनौर मार्ग पर भी प्रकाश व्यवस्था की जा रही है। विकास खंड कोतवाली में रायपुर रोड, नजीबाबाद डिग्री कॉलेज से रायपुर रोड, बुंदकी तिराहे से नगीना पेट्रोल पंप तथा आदेश नगर चौकी से बुंदकी मिल तक के कांवड़ मार्गों पर भी अस्थायी लाइटिंग की व्यवस्था की जा रही है। वहीं नहटौर और नूरपुर क्षेत्र के प्रमुख कांवड़ मार्गों पर भी प्रकाश व्यवस्था के कार्य जारी हैं।

अपर मुख्य अधिकारी ने बताया कि भागूवाला-मोटा महादेव मार्ग, कोतवाली रोड पर बशीरपुर नहर पुल से ग्राम गुनियापुर स्थित संत रविदास मंदिर तक तथा बुंदकी-नगीना मार्ग के विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए अस्थायी सीसीटीवी आईपी कैमरे भी लगाए जा रहे हैं।

DF धारा मोटर फ़ाईनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए
लोन लेना हुआ और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं।
कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।
हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
• तेज़ और आसान प्रक्रिया
• न्यूनतम दस्तावेज़
• आकर्षक ब्याज दर
• आसान EMI सुविधा
• शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट
पात्रता (Eligibility)
• सरकारी कर्मचारी
• प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
• नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com

# एडीएम एवं एएसपी ने किया कांवड़ियों की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** सोमवार की दोपहर अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) डा. कृष्ण गोपाल सिंह एवं अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) अंशिका दीक्षित ने अधीनस्थों के साथ भागूवाला बॉर्डर पर पहुंचकर कांवड़ियों की सुरक्षा तथा सुगम यातायात के लिये की गई व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस दौरान अधिकारियों ने हरिद्वार से कांवड़ एवं कलश कांवड़ लेकर आ रहे कांवड़ियों से वार्ता कर प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं का फीड बैक लिया। ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को कांवड़ियों की सुरक्षा एवं सुगम यातायात व्यवस्था के सम्बन्ध में जरूरी निर्देश दिये। उन्होंने



पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया कि पूर्ण सतर्कता, मुस्तैदी, जिम्मेदारी एवं आपसी समन्वय के साथ ड्यूटी करें। उपजिलाधिकारी नजीबाबाद शैलेन्द्र कुमार सिंह, नायब तहसीलदार अमित कुमार भी मौजूद रहे।

# हल्दौर और भागूवाला में चकबंदी प्रक्रिया पूरी

## धारा-52 की अधिसूचना गजट में प्रकाशित

**बिजनौर ( चिंगारी )।** हल्दौर व ग्राम भागूवाला में चकबंदी प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूर्ण हो गई है। डिप्टी कलेक्टर एवं बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी ने बताया कि उत्तर प्रदेश चकबंदी अधिनियम, 1953 की धारा-52(1) के तहत दोनों गांवों के संबंध में अधिसूचना का प्रकाशन शासकीय गजट में कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि धारा-52(1) की अधिसूचना संख्या 1428/जी-123/58-88(1) दिनांक 10 अप्रैल, 2026 के क्रम में 18 जुलाई, 2026 को शासकीय गजट में प्रकाशित की गई। अधिसूचना के प्रकाशन के साथ ही दोनों गांवों में चकबंदी की कार्यवाही विधिवत पूर्ण मानी जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि चकबंदी प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद संबंधित राजस्व अभिलेखों का अद्यतन नियमानुसार किया जाएगा।

# अशोक चौधरी ने चलाया जनसम्पर्क अभियान

**चांदपुर ( चिंगारी )।** राष्ट्रीय लोकदल के निवर्तमान प्रदेश महासचिव अशोक चौधरी ने समर्थकों के साथ क्षेत्र के ग्राम विराल, खैरपुर, शादीपुर मिलक, पाहुली, घंसूरपुर, राजपुर परसू एवं राजोपुर मेमन सहित कई गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान ग्रामीणों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं ने फूलमालाओं से उनका स्वागत किया। इस दौरान अशोक चौधरी ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव 2027 को देखते हुए संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि मजबूत बूथ और समर्पित कार्यकर्ता ही चुनाव में सफलता की सबसे बड़ी ताकत होते हैं। इस अवसर पर किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव शीशपाल राठी, क्षेत्रीय महासचिव योगेंद्र प्रधान, जिला



महासचिव डॉ. विपिन तोमर, वरिष्ठ नेता सतवीर प्रधान, राजीव राजपुर, पीतम प्रधान, अकरम उस्मानी, डॉ. आलमगीर, पूर्व जिला महासचिव गजेंद्र सिंह, वरिष्ठ नेता जितेंद्र अकबरपुर, सरदार सिंह प्रधान, आदित्य सिंह, इकबाल अहमद, शमीम अहमद, भूदेव सिंह, राजेश खन्ना, देशराज सिंह, गौरव ठाकरान, सनी शौराना, निक्की काकरान, सैंकी चौधरी, जतिन चौधरी, प्रीत ढाका, मोहित चौधरी, अनुज सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं राष्ट्रीय लोकदल के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# इंजीनियर मुअज्जम विधायक पद के भावी उम्मीदवार, समर्थकों में खुशी अपार

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नजीबाबाद चेयरमैन इंजीनियर मुअज़्ज़म ने जलालाबाद में तकिया वाली मस्जिद के पास एक मीटिंग का आयोजन किया, जिसमें जलालाबाद के सम्मानित बुजुर्ग व युवाओं ने शिरकत की। चेयरमैन इंजीनियर मुअज़्ज़म ने 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है, वह नजीबाबाद विधानसभा क्षेत्र से विधायक पद के भावी उम्मीदवार है। जलालाबाद के लोगों ने यह सुनकर अपना पूर्ण समर्थन उन्हें देते हुए उन्हें जिताने की वायदा किया। चेयरमैन इंजीनियर मुअज़्ज़म का विधानसभा चुनाव लड़ने की बात सुनके लोगों में खुशी की लहर है। लोगों ने कहा कि नजीबाबाद विधानसभा क्षेत्र में अब बदलाव की जरूरत है। कस्बावासियों ने कहा कि वह इंजीनियर मुअज़्ज़म के साथ हर हाल में खड़े है और इंशाअल्लाह उनकी जीत हमारी होगी। जलालाबाद मीटिंग का सचालन डॉ. रियाज़ ने किया। मीटिंग में पूर्व चेयरपर्सन पति लियाकत अंसारी, भीम आर्मी जिला अध्यक्ष प्रशांत महासागर, मंडल सहयोजक प्रवेश, विधानसभा अध्यक्ष अशोक, बहार आलम, बबलू शेख, विशाल, इकरामुद्दीन, अतीकुर्रहमान, अख्तर, डॉ. आफताब, निजामुद्दीन, सनाउल्लाह मंसूरी, मुन्ने, युनुस चैधरी, शानू, अजमल खान, अनीस ठेकेदार, इकबाल, फैसल, फ़राज़, आज़ाद, निसार, शाहिद, शाहबुद्दीन, नफीस, निसार, तनवीर, मुस्तकीम, पप्पू, हाजी तनवीर, अख्तर पहलवान, डॉ. रियाज, अकिल ठेकेदार, यूसुफ आज़ाद, शमशाद अहमद, अफाक, अयाज़, शकील शेख आदि लोग मौजूद रहे।



# ताइक्कांडो चैम्पियनशिप में नजीबाबाद के खिलाड़ियों ने जीते कई पदक

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश ताइक्कांडो चैम्पियनशिप में नजीबाबाद ताइक्कांडो ट्रेनिंग अकादमी के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक जीतकर जनपद बिजनौर व नजीबाबाद का नाम पूरे प्रदेश में गौरवान्वित किया है। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी की लहर है। प्रतियोगिता में अद्विक कुमार, यशस्वी, विराट चौधरी, वैष्णवी सैन, अवंतिका, लक्ष्मी, जिया, तनु रानी, पूजा एवं अनमोल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किए। वहीं नीलम व दीपिका ने रजत पदक हासिल किया। इसके अलावा मननदीप, शौर्य सागर, हिमांशी एवं निशांत तोमर ने कांस्य पदक जीतकर अकादमी का गौरव बढ़ाया। अकादमी के मुख्य कोच रिंकू वर्मा ने बताया कि इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पूरे प्रदेश से लगभग 2500 ताइक्कांडो खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। उन्होंने बताया कि नगीना क्षेत्र के हीरा वाले गांव स्थित कस्तूरबा आवासीय विद्यालय के 7 खिलाड़ियों ने भी जनपद बिजनौर की टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता से लौटने पर पदक जीतने वाले सभी खिलाड़ियों का नजीबाबाद में भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर अकादमी के अध्यक्ष अधिराज राठी, उपाध्यक्ष मीनाक्षी चौधरी, कोच बृजेश कुमार, विक्रम सिंह, निशांत सिंह, वीरेंद्र कुमार, नितिन वर्मा एवं चारु संगम सहित बड़ी संख्या में अभिभावक व खेल प्रेमी उपस्थित रहे। सामाजिक कार्यकर्ता एवं भाजपा सोशल मीडिया पिछड़ा मोर्चा जिला प्रमुख बिजनौर रितेश सैन ने सभी पदक हासिल करने वाले खिलाड़ियों व कोच को बधाई दी।



# मौज्जमपुर तुलसी में जनसंपर्क अभियान में खुर्शीद मंसूरी ने सुनीं लोगों की समस्याएं



**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नजीबाबाद विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मौज्जमपुर तुलसी में आज़ाद समाज पार्टी (कांशीराम) द्वारा जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान साहनपुर नगर पंचायत चेयरमैन एवं आज़ाद समाज पार्टी के मुरादाबाद मंडल प्रभारी खुर्शीद मंसूरी ने ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा उनके समाधान का भरोसा दिलाया। सभा को संबोधित करते हुए खुर्शीद मंसूरी ने कहा कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में प्रदेश से भाजपा सरकार को हटाने के लिए आज़ाद समाज पार्टी को मजबूत करना होगा। उन्होंने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं नगीना लोकसभा सांसद चंद्रशेखर आज़ाद लगातार दलित, मुस्लिम, पिछड़े व अन्य वंचित समाजों के मुद्दों को सड़क से लेकर संसद तक मजबूती से उठा रहे हैं। इसी कारण सभी वर्गों का समर्थन तेजी से आज़ाद समाज पार्टी को मिल रहा है। ज़िला उपाध्यक्ष सुखबीर प्रधान ने कहा कि नजीबाबाद विधानसभा का पिछले 15 वर्षों में अपेक्षित विकास नहीं हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि क्षेत्र के जनप्रतिनिधि जनता की समस्याओं व मुस्लिम समाज के मुद्दों को प्रभावी ढंग से नहीं उठा सके। यदि जनता खुर्शीद मंसूरी को अवसर देती है तो नजीबाबाद में भी साहनपुर की तर्ज पर विकास कार्य कराए जाएंगे। कार्यक्रम में रईस अहमद, फिरोज़ अहमद, गुड्डू, सरफराज, सलीम, हाजी शमीम, मोबीन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# श्री शिव महापुराण के तीसरे दिन बताया गया शिवलिंग पूजन का महत्व

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नगर के मौहल्ला मुगलूशाह स्थित श्री नामदेव धर्मशाला में आयोजित 7 दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा का रविवार को तीसरे दिन श्रद्धा व भक्ति के साथ मनाया गया। पंडित अमित कौशिक द्वारा पूरे विधि-विधान के साथ पूजन संपन्न कराया गया। पूजन कार्य के मुख्य यजमान आत्माराम टांक व हरिओम रहे। उन्होंने अपने पूरे परिवार के साथ मिलकर विधिवत पूजा-अर्चना की। कथा वाचन के दौरान पंडित अमित कौशिक ने श्रद्धालुओं को बताया कि भगवान भोलेनाथ के शिवलिंग की पूजा किस प्रकार से करनी चाहिए व शिव कृपा कैसे प्राप्त की जा सकती है। पूजन के बाद श्री शिव महापुराण के तीसरे दिन का कथा वाचन पंडित अमित कौशिक व उनके सहयोगियों लव कुश, लोकेंद्र, मुकेश, मुकेश शर्मा, शानू शर्मा, तुषार महेश्वरी, अजय सिंघल व अंकुर धीमान द्वारा किया गया। कथा के दौरान सुंदर भजनों व मधुर संगीत की प्रस्तुति ने माहौल को भक्तिमय कर दिया। भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे और हर हर महादेव के जयकारों से पूरा पंडाल गूंज उठा। कथा में भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। कार्यक्रम में नितिन शंकर, तरुण शंकर, सुरेश कुमार, आत्माराम, रंजन कुमार, लोकेश कुमार, परल, सोनू, आदित्य, अजय पहलवान, हरिओम, पीयूष टॉक, पंकज, सतीश, मनोज, रामअवतार, राहुल, आशीष, अंकित, उज्जवल सहित मंजू, माया, पदमा, सरोज, रीता, पूजा आदि महिला-पुरुष श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल रहे। आयोजकों ने बताया कि कथा 6 अगस्त तक प्रतिदिन सायं 3 बजे से चलेगी। शिव महापुराण को सुनकर श्रद्धालु धर्म लाभ ले रहे हैं व क्षेत्र में भक्ति का माहौल बना हुआ है।



# जब बिजली का बिल लिया जा रहा पूरा, तो बिजली व जवाबदेही पूरी क्यों नहीं: रितेश सैन

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नगर के सामाजिक कार्यकर्ता रितेश सैन ने कहा है कि बिजली आज केवल एक सुविधा नहीं, बल्कि आम नागरिक के दैनिक जीवन की बुनियादी आवश्यकता बन चुकी है। घरों से लेकर व्यापारिक प्रतिष्ठानों तक हर गतिविधि निर्बाध विद्युत आपूर्ति पर निर्भर है। ऐसे में जब उपभोक्ता हर महीने समय पर पूरा बिजली बिल जमा करता है, तो उसकी यह अपेक्षा भी स्वाभाविक है कि उसे सुरक्षित, स्थिर व गुणवत्तापूर्ण बिजली उपलब्ध कराई जाए। वास्तविकता यह है कि अनेक क्षेत्रों में हाई वोल्टेज, लो वोल्टेज व बार-बार होने वाले वोल्टेज फ्लक्चुएशन के कारण लोगों के टीवी, फ्रिज, एसी, कूलर, इन्वर्टर, पंखे व अन्य महंगे विद्युत उपकरण क्षतिग्रस्त हो जाते हैं। यह नुकसान अक्सर उपभोक्ता की गलती से नहीं, बल्कि बिजली व्यवस्था के रखरखाव में कमी, तकनीकी खामियों या विभागीय लापरवाही का परिणाम होता है। इसके बावजूद आर्थिक बोझ पूरी तरह उपभोक्ता पर ही पड़ता है। विडंबना यह है कि यदि उपभोक्ता बिजली बिल जमा करने में देरी करता है तो उस पर तत्काल जुर्माना लगाया जाता है, बिजली काट दी जाती है या अन्य कार्रवाई की जाती है। लेकिन जब विभाग की लापरवाही से उपभोक्ता को हजारों रुपये का नुकसान होता है, तब जिम्मेदारी तय करने व मुआवजा देने की कोई प्रभावी एवं सरल व्यवस्था दिखाई नहीं देती। यह स्थिति उपभोक्ता अधिकारों व प्रशासनिक जवाबदेही, दोनों पर प्रश्नचिह्न लगाती है। समय की मांग है कि बिजली विभाग केवल राजस्व वसूली तक सीमित न रहे, बल्कि सेवा की गुणवत्ता के लिए भी समान रूप से जवाबदेह बने। यदि जांच में यह सिद्ध होता है कि वोल्टेज असंतुलन या तकनीकी दोष के कारण किसी उपभोक्ता के उपकरण खराब हुए हैं, तो उसे निर्धारित समय-सीमा में उचित मुआवजा मिलना चाहिए। बिजली उपभोक्ता केवल बिल भरने वाला ग्राहक नहीं, बल्कि एक अधिकार-संपन्न नागरिक है। जिस प्रकार उपभोक्ता से समय पर भुगतान की अपेक्षा की जाती है, उसी प्रकार विभाग से सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण बिजली उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी भी तय होनी चाहिए। जवाबदेही का यह संतुलन ही जनता का विश्वास मजबूत करेगा और एक ऐसी विद्युत व्यवस्था की नींव रखेगा, जिसमें अधिकार और दायित्व दोनों समान रूप से सम्मानित हों।

# पॉक्सो एक्ट का आरोपी गिरफ्तार

**नूरपुर ( चिंगारी )।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने गत 5 जुलाई को पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि आरोपी गौरव पुत्र सूरजपाल निवासी ग्राम त्रिलोकपुर, थाना बिनावर, जनपद बदायूं उसकी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी युवक के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया। अपहृता को 2 अगस्त को सकुशल बरामद किया गया। पुलिस ने 3 अगस्त को आरोपी युवक को भी गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक राजवीर सिंह, कांस्टेबल सविन्द्र नागर मौजूद रहे।

# 90 की उम्र में भी जवानों जैसा हौसला


मो. अजमल की रिपोर्ट

90 + प्लस

## वाह मैनेजर साहब!


**चांदपुर ( चिंगारी )।** क्षेत्र में मैनेजर साहब के नाम से मशहूर ग्राम स्याऊ के सबसे अधिक बुजुर्ग विजयपाल सिंह 90वर्ष की आयु पार कर चुके हैं, लेकिन उन्होंने अपनी दिनचर्या से युवाओं को भी मात दे रखी है। मैनेजर साहब का गांव के सभी लोग मान-सम्मान करते हैं तथा उनके पास जाकर उनसे मशविरा लेते हैं। 90वर्ष की आयु पार करने के बावजूद उनमें इतनी चुसती फुर्ती है वे देखने लायक हैं। विजयपाल सिंह जिला सहकारी बैंक में मैनेजर थे, वे धामपुर, खानपुर, बिजनौर, नूरपुर आदि स्थानों पर रहे तथा चांदपुर में 30 नवम्बर 1997 में सेवानिवृत्त हुए।

### प्रतिदिन 6 किमी. चलाते हैं साइकिल

विजयपाल सिंह ने बताया कि स्वस्थ रहने के लिए प्रतिदिन कम से कम 6 किमी. साइकिल अवश्य चलाते हैं तथा पैदल भी चलते हैं। उन्होंने बताया कि वे साइकिल से घरेलू सामान लेने के चांदपुर जाते हैं तथा इसके अलावा बाबा झारखंड शिव मंदिर व अपने खेतों का भी चक्कर लगा देते हैं।

### मांस, मदिरा व स्मोकिंग से दूर रहे

**विजयपाल सिंह बताते हैं कि उन्होंने जीवन में कभी मांस, बीड़ी, सिगरेट को हाथ तक नहीं**


साइकिल चलाते मैनेजर साहब

**लगाया तथा हमेशा अन्य लोगों को भी इनसे दूर रहने की सलाह दी।**

### राष्ट्रपति पदक से सम्मानित हुए

मैनेजर साहब बताते हैं कि वर्ष 1961 में गजरौला अचपल में अंग्रेजी के शिक्षक रहे, जनगणना में सराहनीय कार्य करने के लिए राष्ट्रपति पदक से सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि उन्होंने 1965 में शिक्षक की नौकरी छोड़ दी थी तथा जिला सहकारी बैंक की नौकरी ज्वाइन कर ली थी।

### उनकी दिनचर्या

मैनेजर साहब बताते हैं कि वे प्रतिदिन रात में 9-10 के बीच सो जाते हैं तथा सुबह को 5 बजे से पहले अपना बिस्तर छोड़ देते हैं। मैनेजर साहब बताते हैं कि वे प्रतिदिन योग करते हैं। कई बार तो उन्होंने रेलगाड़ी में भी यात्रा करने के दौरान भी योग किया। मैनेजर साहब गांव में होने वाले सभी सामाजिक कार्यो में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं, गांव में कोई ऐसा सामाजिक कार्य नहीं हुआ, जिसमें उनकी भागेदारी न हो।

### 1969 में विवाह बंधन में बंधे

मैनेजर साहब ने बताया कि वर्ष 1969में निर्मला देवी के संग विवाह बंधन में बंधे, उनके दो पुत्र व दो पुत्रियां हैं, उनका बड़ा पुत्र नोएडा से एसबीआई में चीफ मेनेजर पद से सेवानिवृत्त हुआ है, उनकी एक पुत्री पुलिस सेवा में कार्यरत है। उनकी पत्नी निर्मला देवी 86 वर्ष धार्मिक कार्यों में लगी रहती हैं तथा उनकी देखभाल करती हैं।

### अंग्रेजी दवाइयों से दूर रहते हैं

विजयपाल सिंह ने बताया कि उन्होंने अब अंग्रेजी दवाई का सेवन किया, उन्हें याद नहीं, उन्होंने बताया कि वे जब भी हल्के-फुल्के बीमार हुए तो देशी दवाई का सेवन किया।

### वालीबाल पसंदीदा खेल रहा

**वे बताते हैं कि पढ़ाई के समय से लेकर सर्विस में रहने तक उन्होंने खूब वालीबाल खेला, उनके खेल की उनके साथी प्रशंसा करते थे।**


पत्नी के साथ मैनेजर साहब

### लोगों से आह्वान

**मैनेजर साहब ने लोगों से आह्वान किया वे आपस में प्यार मुहब्बत के साथ रहें, परेशानी में एक-दूसरे का कंधे से कंधा मिलाकर चलें, नशे से दूर रहें तथा अपने बच्चों को हर हाल में शिक्षित करें, इसके लिए अगर एक समय भूखा भी रहना पड़े, भूखे रहें लेकिन अपने बच्चों को अवश्य पढ़ायें। बच्चों से भी अपने मां-बाप व बड़ों की इज्जत करने का आह्वान किया।**

# मेरा नाम करेगा रोशन..








**पैजानिया ( चिंगारी )।** जग में मेरा नाम करेगा रोशन मेरा राज दुलारा, यह गाना बहुत पुराना और बहुत प्रसिद्ध है। हर मां-बाप का एक सपना होता है कि मेरे बच्चे मेरा नाम रोशन करें। बच्चों के सपने बचपन से ही झलकने लगते हैं। आज हम क्षेत्र के गांव पावटी के कुछ बच्चों के सपनों से अवगत करा रहे हैं।

कुं अंशिका पुत्री आकाश गांव पावटी केवल 4 वर्ष की है स्कूल जाती है, मन लगाकर पढ़ती है। जब हमने इससे कहा पढ़कर क्या करोगी, इसका कहना है डॉक्टर बनना है।

कुं नैना कक्षा 4 पुत्री आकाश गांव पावटी नैना भी अपनी मेहनत लगन से पढ़ाई कर एक टीचर बनने का सपना रखती है। समय पर स्कूल जाना उसकी आदत है।





युवराज कक्षा 4 पुत्र नितिन उम्र 9 वर्ष गांव पावटी युवराज भी इंग्लिश मीडियम से पढ़ाई कर रहा है, इसका सपना पुलिस अधिकारी बनना है।

कुं जीविका पुत्री मोहित गांव पावटी कक्षा 8, उम्र 12 वर्ष, सपना डा. बनना और गरीब लोगों की सेवा करना।

अभयकांत उम्र 8वर्ष पुत्र आशु गांव पावटी कक्षा 4, सपना एक ऐसा अधिकारी बनना की बॉर्डर पर जाकर देश की सेवा करु।

चौ.कार्तिक उम्र 8 वर्ष पुत्र मोहित गांव पावटी कक्षा 4, सपना क्रिकेटर बनना।

चौ. स्वस्तिक 4 वर्ष पावटी कक्षा यूकेजी पुत्र प्रशांत कुमार फौजी स्वस्तिक की उम्र भले ही छोटी है, लेकिन उसका सपना अपने पापा की तरह फौज में जाना है।

कुं चौ. वृक्षी 9वर्ष पुत्री प्रशांत कुमार पावटी फौजी कक्षा 4, पिता फौज में लेकिन सपना डा. बनना है।

चौ. नैतिक अहलावत उम्र 12वर्ष पुत्र स्व. नीरज कुमार गांव पावटी कक्षा 8, सपना फौजी बनना देश की सेवा करना।

**प्रस्तुति डा. अमानत अली**




**नांगल सोती ( चिंगारी )।** मां-बाप की सबसे बड़ी खुशी बच्चों की सफलता में छिपी होती है। बच्चे जब जीवन की डगर पर सफलता के आयाम स्थापित करते हैं, तो मां-बाप की बूढ़ी आंखों में भी चमक आ जाती है। नांगल निवासी अमिका कर्णवाल और अजीत कर्णवाल अपनी एक पुत्री को मेडिकल क्षेत्र में, तो दूसरी को डिफेंस (आर्मी) में सफलता की चोटी पर पहुंचते हुए देखना चाहते हैं। उनकी बड़ी पुत्री अविशी कर्णवाल कक्षा 7 की तथा छोटी पुत्री अवन्या कक्षा 3 की छात्रा है। वे दोनों वालिया ग्लोबल एकेडमी नजीबाबाद में पढ़ती हैं।



नांगल निवासी शाइस्ता खातून तथा खालिक हुसैन का पुत्र अरबाज हुसैन 4 इंटरनेशनल स्कूल नांगल सोती में कक्षा 7 का छात्र है। अरबाज हुसैन का सपना है कि वह कड़ा परिश्रम करके यूपीएससी की परीक्षा पास करे और प्रशासनिक अधिकारी बनकर देश, समाज की यथासंभव सेवा करे। जबकि अरबाज हुसैन के माता-पिता का सपना अपने पुत्र के सपने को पूरा करना है। चिंगारी इन सपनों के पूरे होने की कामना करता है।

**प्रस्तुति : रुकन राजपूत**

# बिजनौर की बास्केटबॉल टीम मेरठ रवाना



**बिजनौर ( चिंगारी )।** आज प्रातः 7.00 बजे बिजनौर जनपद की सब जूनियर बालक वर्ग (14 वर्ष) बास्केटबॉल टीम उत्तर प्रदेश राज्य परिवहन निगम, बिजनौर की बस द्वारा 30वीं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रस्थान कर गई। यह प्रतियोगिता 04 से 09 अगस्त 2026 तक उत्तर प्रदेश राज्य बास्केटबॉल एसोसिएशन द्वारा मेरठ डिस्ट्रिक्ट बास्केटबॉल एसोसिएशन के सहयोग से मेरठ पब्लिक स्कूल, वेस्ट एंड रोड, मेरठ कैंट, मेरठ में आयोजित की जाएगी। बिजनौर जनपद का प्रतिनिधित्व करने वाली टीम इस प्रकार हैं- अरब सिंह (कप्तान), अनांच राठौर, जन्मे चौहान (आरआरपीएस,नूरपुर), रुद्र प्रताप गहलौत, प्रज्वल सिंह, सूर्यांशु पाल (डीपीएस, बिजनौर) कुशाग्र सिसोदिया, रुद्रप्रताप सिंह, मोहम्मद सईम अंसारी (आरआरएसपीएस, नजीबाबाद), ध्रुव लांबा एवं चैतन्य बिष्ट (श्री गुरु राम राय पब्लिक स्कूल धामपुर), प्रशिक्षक विश्वजीत सिंह (धामपुर) एवं प्रबंधक अंकुश पाल (बिजनौर)।

टीम को विदाई और शुभकामनाएं देने के लिए बिजनौर डिस्ट्रिक्ट बास्केटबॉल एसोसिएशन की ओर से योगेश्वर त्यागी (सचिव), अजय वत्स (उपसचिव) वरिष्ठ खिलाड़ी हेमंत त्यागी, शशांक दिवाकर एवं खिलाड़ियों के अभिभावक उपस्थित रहे।

# लम्पी रोग की रोकथाम के लिए डीएम को दिया ज्ञापन



**बिजनौर ( चिंगारी )।** जनपद में गौवंश एवं अन्य पशुओं में तेजी से फैल रहे लम्पी रोग की रोकथाम को लेकर भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) ने जिलाधिकारी जसजीत कौर को ज्ञापन सौंपकर तत्काल प्रभाव से पर्याप्त मात्रा में वैक्सीन उपलब्ध कराने तथा विशेष टीकाकरण अभियान चलाए जाने की मांग की।

ज्ञापन को संगठन के जिला महासचिव नितेंद्र प्रधान, जिला सचिव अंकुर कुमार उर्फ डैनी तथा नगर अध्यक्ष शुभम चौधरी ने जिलाधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि पूर्व में भी लम्पी रोग के कारण जनपद में बड़ी संख्या में पशुओं की मृत्यु हुई थी, जिससे पशुपालकों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा था। वर्तमान में भी जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से लम्पी संक्रमण के मामले सामने आ रहे हैं, जबकि रोकथाम के लिए आवश्यक वैक्सीन उपलब्ध नहीं है। पदाधिकारियों ने कहा कि यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो बीमारी तेजी से फैल सकती है, जिससे पशुधन के साथ-साथ किसानों और पशुपालकों की आजीविका पर भी गंभीर संकट उत्पन्न होगा।

# मनोज पारस भी शामिल रहे विरोध प्रदर्शन में

**नगीना ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र के पहले दिन स्थानीय सपा विधायक मनोज पारस ने पार्टी के अन्य विधायकों के साथ चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा के समक्ष विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लिया। उन्होंने बताया कि अयोध्या में स्थित भगवान श्रीराम मंदिर में चढ़ावे की चोरी, नीट पेपर लीक, किसानों के खाद की समस्याओं, विद्युत आपूर्ति की समस्याओं, शिक्षक भर्ती सहित प्रदेश से जुड़े कई गंभीर जनहित के मुद्दों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया। उन्होंने बताया कि जनता के हितों की अनदेखी, युवाओं के भविष्य के साथ अन्याय और करोड़ों लोगों की आस्था से जुड़े सवालों पर सरकार की चुप्पी




स्वीकार्य नहीं है। लोकतंत्र में जनता की आवाज़ को दबाया नहीं जा सकता। हम सदन के भीतर और बाहर हर जनहित के मुद्दे को मजबूती से उठाते रहेंगे।

# ड्यूटी में लापरवाही पर डिप्टी जेलर व हवलदार को चेतावनी दी

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिला कारागार में ड्यूटी के दौरान लापरवाही सामने आने पर जेल प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। जेल अधीक्षक राजेश कुमार सिंह ने मिलाई स्थल पर ड्यूटी में लापरवाही पाए जाने पर डिप्टी जेलर सुरेंद्र सिंह और हवलदार राहुल कुमार सिंह को कड़ी चेतावनी जारी की है। बताया गया कि जेल अधीक्षक राजेश कुमार सिंह के निरीक्षण के दौरान मिलाई व्यवस्था में अपेक्षित सतर्कता और अनुशासन का पालन नहीं होता पाया गया। इसे गंभीरता से लेते हुए जेल अधीक्षक ने दोनों को भविष्य में ऐसी लापरवाही दोबारा न होने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जेल की सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी स्तर पर ढिलाई स्वीकार नहीं की जाएगी। जेल अधीक्षक राजेश कुमार सिंह ने कहा कि कारागार की सुरक्षा और बंदियों की मिलाई प्रक्रिया निर्धारित नियमों के अनुरूप ही संचालित की जानी चाहिए। सभी अधिकारी और कर्मचारी अपने दायित्वों का पूरी जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करें। उन्होंने चेतावनी दी कि भविष्य में ड्यूटी के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही मिलने पर संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। जेल अधीक्षक राजेश कुमार सिंह ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पूरी सतर्कता बरतने तथा निर्धारित मानकों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए हैं।

# इनकम टैक्स विभाग में अधिकारी बनने पर प्रिया भुल्लर को किया सम्मानित



**चांदपुर ( चिंगारी )।** जाट महासभा ने क्षेत्र के ग्राम नलपुरा निवासी कुलदीप सिंह की पुत्री प्रिया भुल्लर के इनकम टैक्स विभाग में अधिकारी पद पर चयन होने पर प्रिया भुल्लर को सम्मानित किया। जाट महासभा के जिलाध्यक्ष सूर्यवीर चौधरी ने ग्राम नलपुरा पहुंचकर प्रिया भुल्लर को शॉल ओढ़ाकर व प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि प्रिया भुल्लर की सफलता क्षेत्र के युवाओं विशेषकर बेटियों के लिए प्रेरणादायक है। प्रिया भुल्लर ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता व गुरुजनों को दिया। उन्होंने कहा कि मेहनत और लगन से किया गया कार्य कभी व्यर्थ नहीं जाता। इस अवसर पर पृथ्वी सिंह, भूपेन्द्र सिंह आचार्य, महेन्द्र सिंह, यशवीर सिंह, सतवीर सिंह, लालजी, तौकीर खान, सतपाल सिंह व शीशपाल सिंह आदि मौजूद रहे। मालूम हो कि प्रिया भुल्लर ने संयुक्त स्नातक स्तरीय सीजीएल परीक्षा में सफलता हासिल कर 172वीं रैंक हासिल की। उनका चयन इनकम टैक्स विभाग में अधिकारी पद पर हुआ है।

# ग्राम सचिवालय के पास लगे हैं गंदगी के अंबार, सांस लेना दुश्वार

**किरतपुर ( चिंगारी )।** ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पंचायत उमरी स्थित सचिवालय के पास व पानी की टंकी के में गेट के सामने सड़क किनारे खाली पड़े मैदान में लंबे समय से कूड़े का अंबार लगा है। जिससे आसपास के लोगों का जीना दूभर हो गया है। पास के रहने वाले विपिन शर्मा, सचिन सिंह, तरुण कुमार, ज्योति शर्मा, करतार आदि ग्रामवासियों का कहना है कि उक्त लगे कूड़े के अंबार से पूरे मोहल्ले में दुर्गंध फैल रही है जिसके चलते घरों में रहना तक मुश्किल हो गया। कूड़े के ढेर से उठने वाली दुर्गंध के कारण आसपास का वातावरण प्रदूषित हो रहा है। उक्त कूड़े के ढेर में मक्खी, मच्छरों की संख्या बढ़ने से संचारी रोग फैलने की आशंका बनी हुई है। बरसात के मौसम में स्थिति और गंभीर हो रही है। बारिश होते ही अधिक दुर्गंध फैलने लगती है। इसी मार्ग से प्रतिदिन बड़ी संख्या में राहगीरों के साथ-साथ स्कूल जाने वाले छात्र-छात्राएं भी गुजरते हैं, जिन्हें दुर्गंध गंदगी के कारण काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दुर्गंध के कारण छात्र-छात्राएं मुंह पर कपड़ा या हाथ रखकर गुजरते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही कूड़े का निस्तार नहीं कराया गया तो हालात और भी बिगड़ सकते हैं। जब इस संबंध में ग्राम पंचायत अधिकारी सहदेव से बात करनी चाही तो उनसे संपर्क नहीं हो पाया। उधर, ग्राम प्रधान/प्रशासक कुसुम देवी के पति यशपाल सिंह का कहना है कि कूड़ा डालने वाले लोग आसपास के ही हैं। उन्हें खुद इस बारे में सोचना चाहिए। हालांकि कूड़ा उठवाने की बात पर यशपाल सिंह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सके।



# मां-बाप के सामने मासूम को खींच ले गया गुलदार



**रायपुर सादात (चिंगारी)।** नगीना देहात क्षेत्र के गांव सिगनीवाला में गुलदार के जानलेवा हमले से हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार, गुलदार के हमले से 8 वर्षीय बालक की मौत हो गई, जिससे पूरे गांव में शोक और दहशत का माहौल है। नरसिंह का 8 वर्षीय पुत्र रवि अपने माता-पिता के साथ जंगल में गया था। जंगल में वापसी के समय सायं 5:30 बजे माता-पिता के आंखों के सामने से खूनी गुलदार 8 वर्षीय रवि को गन्ने के खेत में उठा ले गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

घटना इतनी अचानक हुई कि संभलने का मौका नहीं मिला। शोर-शराबा होने पर ग्रामीण मौके की ओर दौड़े, लेकिन तब तक रवि को गुलदार ने मार दिया था। घटना की सूचना मिलते ही उपजिलाधिकारी प्रिंस कुमार, सीओ राजेश कुमार, एसडीओ सरिता, थाना प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र, रेंजर सचिन शर्मा, उपनिरीक्षक नितेंद्र उपनिरीक्षक सत्यपाल मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया। आसपास के क्षेत्र में गुलदार की तलाश के लिए अभियान चलाया जा रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में पिछले कई दिनों से गुलदार की मौजूदगी देखी जा रही थी। इसके बावजूद समय रहते प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से लोगों में वन विभाग के प्रति नाराजगी है। ग्रामीणों ने गुलदार को जल्द पकड़ने, गांव में नियमित गश्त कराने तथा प्रभावित परिवार को उचित आर्थिक सहायता देने की मांग की है।

# स्कूल की छत पर बैठा दिखाई दिया गुलदार

## वन विभाग छोड़ रहा पटाखे

**नहटौर (चिंगारी)।** ग्राम चौहड़पुर स्थित प्राथमिक स्कूल की छत पर गुलदार बैठा हुआ दिखाई देने से ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है। वहीं, कामठी मार्ग के आसपास स्थित जंगल क्षेत्र में वन विभाग द्वारा पटाखे छोड़े जा रहे हैं, जिससे गुलदार आबादी क्षेत्र से दूर रहे।

देर रात्रि को ग्राम सिकोड़ा बाले आश्रम के महन्त शिवानन्द बृहमचारी और कुछ ग्रामीण आश्रम से गांव की ओर आ रहे थे। गांव में स्थित प्राथमिक स्कूल की छत पर गुलदार बैठा हुआ दिखाई दिया। इसकी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। ग्रामीणों ने स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों की सुरक्षा के लिए अस्थायी तौर पर कक्षाएं आबादी क्षेत्र में स्थानांतरित करने की मांग की है। साथ ही गुलदार को पकड़वाने की मांग की है। वन विभाग की टीम ने मौके पर निरीक्षण किया है। गांव में पिंजरा लगाने की प्रक्रिया की जा रही है। वहीं, कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए वन विभाग द्वारा कोतवाली रोड पर पटाखे छोड़कर गुलदार को दूर भगाने का प्रयास किया जा रहा है। डिप्टी रेंजर हरदेव सिंह ने बताया कि संभावित स्थान पर पटाखे छोड़े जा रहे हैं यदि उक्त स्थान पर गुलदार हुआ तो वह आबादी क्षेत्र से दूर चला जाएगा।



चौहड़पुर में स्कूल की छत पर बैठा गुलदार

# शादीपुर बिजलीघर पर किया धरना-प्रदर्शन



**बरुकी/बिजनौर (चिंगारी)।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को शादीपुर बिजलीघर पर किसानों और ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं को लेकर धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान किसानों ने अघोषित बिजली कटौती तथा घरेलू बिजली कनेक्शनों का लोड बढ़ाए जाने का विरोध करते हुए संबंधित अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी की। धरने को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि शादीपुर बिजली फीडर से होने वाली विद्युत आपूर्ति में लगातार अघोषित कटौती की जा रही है, जिससे किसानों की सिंचाई प्रभावित हो रही है और ग्रामीण उपभोक्ताओं को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार द्वारा घरेलू बिजली कनेक्शनों का लोड बढ़ा दिए जाने से गरीब परिवारों और किसानों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। किसानों ने मांग की कि बढ़ाया गया बिजली लोड वापस पूर्व स्थिति में किया जाए तथा क्षेत्र में नियमित और निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। धरने में मोहम्मदपुर देवमल ब्लॉक उपाध्यक्ष तिलक राम खौबे, क्षेत्रीय अध्यक्ष बृजेश सिंह, चमन सिंह, हेमराज, बेगराज, विजेंद्र सिंह, विपिन सिंह सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# दिल्ली के चांदनी चौक में मिले नगीना के गायब बच्चे

**नगीना (चिंगारी)। पुलिस ने गायब हुए दो बच्चों को मात्र चौबीस घंटे के भीतर ही दिल्ली से खोज निकाला। बताया जाता है कि दोनों बच्चे अपने घर पर बिना कुछ बताए अपने मामा के पास जाने के लिए दिल्ली चले गए थे। नगर के लुहारी सराय तनवीर ने एक अगस्त को नगीना थाना में मुकदमा दर्ज कराया था कि 31 जुलाई की शाम साढ़े सात बजे उसका पुत्र अरहान( 10 वर्ष ) अपने पड़ोसी दोस्त सुऐब ( 12 वर्ष )के साथ चला गया है। विवेचक एसआई सोहन सिंह पुंडीर ने बताया कि पुलिस जांच में रेलवे स्टेशन चौक पर स्थित एक होटल के सीसीटीवी कैमरों की जांच की तो दोनों रेलवे स्टेशन में जाते हुए दिखाई दिए। एक अगस्त की शाम को चांदनी चौक के थाना कोतवाली से फोन आया कि दो बच्चे वहां घूम रहे हैं तथा खुद को नगीना के बता रहे हैं। सूचना मिलने के बाद पुलिस दोनों के पिता के साथ चांदनी चौक थाना पहुंच गई और दोनों बच्चों को साथ ले आई।**

# रविन्द्र कुमार बने बहुजन पैंथर पार्टी के जिला अध्यक्ष



**बिजनौर (चिंगारी)।** बहुजन पैंथर ऑफ इंडिया (अराजनैतिक) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरुण कुमार उर्फ रोनी भाई के निर्देशानुसार रविन्द्र कुमार (ऋषभ) को जिला अध्यक्ष बिजनौर नियुक्त किया गया है। रविन्द्र कुमार, निवासी इंद्रलोक कॉलोनी, बिजनौर के संगठन के प्रति समर्पण, सामाजिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी एवं बहुजन समाज के हित में कार्य करने की भावना को देखते हुए यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# निराश्रित गौवंश की समस्या बनी हुई लगातार इसका स्थायी समाधान करे सरकार

**अफजलगढ़ (चिंगारी)।** भूतपुरी से कासमपुर गढ़ी-मनियावाला हाईवे पर निराश्रित गौवंश की समस्या लगातार बनी हुई है। प्रशासन द्वारा हाल ही में विशेष अभियान चलाकर इस हाईवे मार्ग से 50 आवारा गौवंश पकड़कर गौशाला में सुरक्षित पहुंचाया गया था, वहीं बादीगढ़ क्षेत्र से भी 8 आवारा गौवंश पकड़कर गौशाला में भेजे गए। इसके बावजूद क्षेत्र में आवारा पशुओं की समस्या बनी हुई है।

क्षेत्र में आएदिन गौवंश सड़क किनारे कूड़े के ढेर में भोजन तलाशते नजर आते हैं। तस्वीर में भी एक गौवंश प्लास्टिक और अन्य कचरे के बीच खाने की तलाश करता दिखाई दे रहा है, जो पशुओं के स्वास्थ्य के लिए बेहद खतरनाक है। पशु चिकित्सकों के अनुसार प्लास्टिक खाने से गौवंश गंभीर बीमारियों का शिकार हो सकते हैं और कई बार उनकी जान भी चली जाती है।



स्थानीय लोगों का कहना है कि आवारा गौवंश न केवल सड़कों पर दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं, बल्कि किसानों की फसलों को भी भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं। उनका कहना है कि प्रशासन की कार्रवाई सराहनीय है, लेकिन कुछ ही दिनों बाद दोबारा सड़कों पर बड़ी संख्या में आवारा पशु दिखाई देने लगते हैं।

ग्रामीणों ने मांग की है कि आवारा पशुओं को छोड़ने वाले लोगों की पहचान कर उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही नियमित रूप से अभियान चलाकर सभी आवारा गौवंश को गौशालाओं में पहुंचाया जाए तथा कूड़ा स्थलों पर प्लास्टिक और खाद्य अपशिष्ट के उचित निस्तारण की व्यवस्था की जाए, ताकि गौवंश प्लास्टिक खाने को मजबूर न हों और सड़क दुर्घटनाओं पर भी प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।

# पति के साथ दवा लेकर लौट रही महिला की हादसे में मौत

नजीबाबाद (चिंगारी)। कोतवाली देहात मार्ग पर दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में 70 वर्षीय महिला की मौके पर ही मौत हो गई। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के ग्राम ऊमरी कला निवासी जुबैदा पत्नी जाबिर सोमवार सुबह अपने पति के साथ बाइक से ग्राम श्रवणपुर दवा लेने गई थीं। दवा लेकर दोनों अपने गांव वापस लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में सामने से आ रही दूसरी बाइक से उनकी बाइक की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि जुबैदा गंभीर रूप से घायल हो गईं तथा उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल की मोर्चरी भिजवाया। लेकिन मृतका के परिजनों ने किसी भी प्रकार की कानूनी कार्रवाई कराने से साफ इन्कार कर दिया। इसके बाद पुलिस ने आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कर शव बिना पोस्टमार्टम के परिजनों के सुपुर्द कर दिया। बुजुर्ग महिला की मौत से उसके परिवार में कोहराम मच गया। गांव में भी घटना के बाद शोक की लहर दौड़ गई। महिला की अचानक हुई मौत से पूरे क्षेत्र में गम का माहौल है।

## कुत्ते को निवाला बनाकर गुलदार के फिर दस्तक देने से भय का माहौल

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। गुलदार द्वारा कुत्ते को अपना निवाला बनाकर एक बार फिर गुलदार की क्षेत्र में दस्तक से ग्रामीणों में भय बना हुआ है। वही वन विभाग भी अलर्ट है। श्रावण मास का महीना चल रहा है। हरिद्वार से कांवड़िए जल लेकर आ रहे हैं। क्षेत्र के ग्राम मंझाड़ी में किसान के कुत्ते को गुलदार ने अपना निवाला बना लिया। ग्राम निवासी बिट्टू अपने खेतों पर गया था। उसका कुत्ता उसके साथ था। घर वापिस आते समय बिट्टू घर पहुंच गया, लेकिन उसके पालतू कुत्ते का कुछ पता नहीं चला। उन्होंने जंगल में अपने खेतों के आस पास कुत्ते को ढूंढा तो कुत्ते के अवशेष पड़े मिले। जिसे गुलदार ने अपना निवाला बना लिया था। सूचना पर वन विभाग की टीम ने पहुंचकर जानकारी ली। वन दरोगा परशुराम ने बताया कि वन विभाग की टीम लगातार गश्त कर रही है। कांवड़ यात्रा को लेकर वन विभाग की टीम अलर्ट है। कुछ दिन पहले जटपुरा मार्ग पर ग्राम नियामतपुर के जंगल में भी गुलदार देखा गया था, जहां पर पिंजरा लगाया जा चुका है। आज सुबह मझाड़ी निवासी रविंद्र कुमार अपने खेत पर जा रहा था। खेत पर जाते समय जंगल में खेतों के बीच में बैठा हुआ गुलदार दिखाई दिया। रविंद्र गुलदार को देख घबरा गया दबे पैरों अपने घर आकर ग्रामीणों को बताया। ग्रामीण इक्ठा होकर जंगल गए तब तक गुलदार भाग चुका था। गांव के आस पास गुलदार की दस्तक से ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है। वन विभाग के डिप्टी रेंजर हरगोविन्द शर्मा ने बताया कि गुलदार के देखें जाने की सूचना मिली है। टीम को सुरक्षा दृष्टि से भेजा गया है।

## स्कूल के लिए निकला इंटर का छात्र रहस्यमय ढंग से लापता, परिजनों ने जताई अनहोनी की आशंका



बिजनौर (चिंगारी)। घर से स्कूल के लिए निकला एक 15 वर्षीय छात्र रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गया। काफी तलाश के बावजूद उसका कोई सुराग नहीं लग सका है। परिजनों ने किसी अनहोनी की आशंका जताते हुए पुलिस से छात्र की बरामदगी की मांग की है। जानकारी के अनुसार, थाना क्षेत्र के गांव गंगदासपुर हसनपुर निवासी देशराज का 15 वर्षीय पुत्र तरुण राजकीय इंटर कॉलेज (जीआईसी) में इंटर का छात्र है। परिजनों के मुताबिक, तरुण एक अगस्त को घर से स्कूल जाने के लिए निकला था, लेकिन वह न तो स्कूल पहुंचा और न ही वापस घर लौटा। परिजनों ने रिश्तेदारों सहित संभावित सभी स्थानों पर उसकी तलाश की, लेकिन उसका कहीं कोई पता नहीं चल सका। घटना को लेकर परिवार बेहद चिंतित है और किसी अनहोनी की आशंका जता रहा है। इस संबंध में परिजनों ने पुलिस को तहरीर देकर छात्र की शीघ्र बरामदगी की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## छह माह पूर्व लापता हुए बालक को परिजनों को सौंपा गया



मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। अपने परिवार से बिछड़े एक चार वर्षीय बालक को उसके परिजनों को सौंप दिया गया। दिल्ली के नांगलोई से लगभग 6 माह पूर्व चार वर्षीय बालक परिवार से बिछुड़ गया था। परिजनों के द्वारा बालक की नांगलोई बिहारी दिल्ली में गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी। बाल कल्याण समिति गौतमबुद्ध नगर के माध्यम से बालक को मुस्सेपुर के आर्य सुगंध संस्थान को सौंपा गया था। संस्थान की संचालक कमलेश आर्य व दिल्ली पुलिस लगातार बालक के परिजनों को ढूंढने का प्रयास करते रहे। आखिर में दोनों के प्रयास से सफलता मिली तथा खोया हुआ बालक अपने परिवार को मिल गया। बालक ने संस्थान को अपना नाम बंटू बताया था। जबकि बालक का वास्तविक नाम हिमांशु था। अपने खोये हुए बालक को पाकर उसकी मां काजल भावुक हो गई। संस्थान की संचालक कमलेश आर्य व गर्जना आर्य ने बालक हिमांशु को परिजनों को सौंप दिया। काजल ने अपने बालक को सुरक्षित पाकर संस्थान व पुलिस का धन्यवाद किया।

## सूचना

मैने अपने तीनों सगे पुत्रों मौ. जुबैर, मौ. जैद व अवैस अहमद से गलत व्यवहार के कारण अपने संबंध विच्छेद कर लिये हैं। उक्त तीनों पुत्रों को अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। उनके किसी भी कृत्य के लिए मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा

**-मौ. अहमद पुत्र नूर अहमद, निवासी मौहल्ला मुगलूशाह, नजीबाबाद, जिला बिजनौर उ.प्र.**

## आधुनिक श्रवण कुमार दादी को कांवड़ में बैठाकर लाये



नजीबाबाद (चिंगारी)। हरिद्वार मार्ग पर सावन की कांवड़ यात्रा में इस बार श्रद्धा के साथ सेवा का अनोखा संदेश देखने को मिला। नजीबाबाद पहुंची एक कांवड़ में कांवड़ियों ने अपनी दादी मां को बिठाकर यात्रा की। हरिद्वार की हर की पौड़ी से गंगा जल लेकर ब्रजघाट जा रहे कांवड़ियों का ये जत्था नजीबाबाद पहुंचा। खास बात ये रही कि कांवड़ में गंगा जल के साथ उनकी दादी मां भी विराजमान थीं। कांवड़ियों का कहना है कि वे दादी मां को मां गंगा के दर्शन कराकर पुण्य के भागी बनना चाहते हैं। ब्रजघाट के इस जत्थे ने संदेश दिया कि आज की युवा पीढ़ी को अपने बुजुर्गों की सेवा करनी चाहिए। नगर में इस अनोखी कांवड़ को देखकर लोग भावुक हो गए। जगह-जगह फूल-माला व पेयजल से उनका स्वागत हुआ। लोगों का कहना है कि धर्म के साथ बुजुर्गों का सम्मान ही सच्ची भक्ति है। श्रद्धा व संस्कार का ये संदेश अब पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

## श्री शिव विवाह का सुंदर गुणगान किया



नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के मौहल्ला मुगलूशाह स्थित श्री नामदेव धर्मशाला में आयोजित सात दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा का सोमवार को चौथे दिन श्री शिव विवाह की कथा संपन्न हुई। सोमवार सुबह पंडित अमित कौशिक ने पूरे विधि विधान से यजमान पूजन संपन्न कराया। दोपहर को श्री शिव विवाह की कथा प्रारंभ हुई कथा विश्राम आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान पंडित अमित कौशिक ने श्री शिव विवाह का सुंदर गुणगान किया। इस अवसर पर लवकुश, लोकेंद्र, मुकेश शर्मा, पंडित प्रफुल्ल वशिष्ठ, अंकित नामदेव, राहुल टांक का सहयोग रहा। कथा में भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। इस अवसर पर पंडित अमित कौशिक ने इतनी बड़ी संख्या में श्रोताओं के आने पर उनका हार्दिक अभिनंदन किया। आयोजकों ने बताया यह कथा 6 अगस्त तक दोपहर 3 से शाम 7 तक चलेगी।

## छोटे शहरों में ऑनलाइन व्यापार बंद हो: संजीव अग्रवाल

नजीबाबाद (चिंगारी)। व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान के जिला स्तरीय प्रतिनिधि सम्मेलन को संबोधित करते हुए संगठन के वरिष्ठ मंत्री संजीव अग्रवाल ने कहा कि छोटे शहरों में ऑनलाइन व्यापार बंद हो, ऑनलाइन व्यापार पर केंद्र में प्रदेश सरकार नीति बनाएं। उन्होंने केंद्र व प्रदेश सरकार से छोटे शहरों में ऑनलाइन बिजनेस का कड़ा विरोध किया। उन्होंने कहा कि छोटे शहरों में जहां व्यापारी पहले से व्यापार कम होने के कारण आर्थिक समस्या से जूझ रहा है, वहीं ऑन लाइन व्यापार को बढ़ावा मिलने से व्यापारी की हालत काफी खराब होती जा रही है। उन्होंने सरकार से इसके लिए कानून बनाकर इस पर रोक लगाने की मांग की। उन्होंने खाद्य अधिकारियों द्वारा छोटे किराने की दुकानों पर पहुंचकर वहां सामान के सैंपल भरने का भी विरोध किया। उन्होंने कहा सैंपल की कार्रवाई सीधे तौर पर मैन्युफैक्चर के यहां होनी चाहिए। क्योंकि छोटा व्यापारी अपना माल मैन्युफैक्चर से मंगाता है। अधिकारी सैंपल के नाम पर मध्यम वर्ग के व्यापारी का उत्पीड़न करते हैं। प्रदेश सरकार को जिला स्तर पर लैब खोलने चाहिए। जिससे व्यापारी खुद अपना सामान भी चेक कर सके। उन्होंने जल्द से जल्द प्रदेश के अंदर व्यापारी कल्याण बोर्ड की स्थापना करने की भी मांग रखी। व्यापारी सुरक्षा फोरम के जिला स्तरीय प्रतिनिधि सम्मेलन में संजीव अग्रवाल को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। सभा को नगर संरक्षक उमापति गर्ग, कमल बंधु, अनुज अग्रवाल, विशेष माहेश्वरी, हाजी शहजाद, तरुण अग्रवाल, शक्ति गर्ग, नीरज सिंघल, शकील अहमद, मोंटी कालरा, सुनील राजपूत, हाजी अलाउद्दीन आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन संयुक्त रूप से सिकंदर खान व नीरज सिंघल ने किया। कार्यक्रम संयोजक विजय चोपड़ा ने सभी का आभार व्यक्त किया।



## रक्तदान शिविर में 23 रक्तवीरों ने किया स्वैच्छिक रक्तदान



नजीबाबाद (चिंगारी)। कृषि उत्पादन मंडी समिति नजीबाबाद में गुरु नानक देव चैरिटेबल ब्लड सेंटर के तत्वावधान में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर को सफल बनाने में अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति बिजनौर के जिला अध्यक्ष हाशिम अहमद द्वारा विशेष सहयोग प्रदान किया गया। शिविर में मंडी व्यापारियों, कर्मचारियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। लगभग 30 लोग रक्तदान के लिए पहुंचे, जिनमें स्वास्थ्य परीक्षण के बाद 23 लोग ही रक्तदान के लिए पात्र पाए गए। उन्होंने रक्तदान कर मानव सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। मंडी सचिव सचिन शर्मा ने स्वयं रक्तदान कर समाज के सामने प्रेरणादायक उदाहरण पेश किया। उन्होंने कहा कि नियमित रूप से रक्तदान करने से न केवल किसी जरूरतमंद का जीवन बचाया जा सकता है, बल्कि रक्तदाता भी अनेक स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर कई बीमारियों से बचा रहता है। मंडी निरीक्षक कुमारी खुशनुमा भी रक्तदान करने के उद्देश्य से शिविर में पहुंचीं, लेकिन हीमोग्लोबिन का स्तर कम होने के कारण चिकित्सकों ने उनका रक्तदान नहीं कराया। शिविर में रक्तदान करने वाले सभी रक्तवीरों को मंडी सचिव सचिन शर्मा, अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति के जिला अध्यक्ष हाशिम अहमद, डॉ. इदरीस अंसारी एवं अन्य अतिथियों ने प्रशस्ति-पत्र एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया। गुरु नानक देव चैरिटेबल ब्लड सेंटर की ओर से शुभम बेनीवाल, अजय सरदार, नितिन कुमार एवं रितिका प्रजापति का शिविर के सफल संचालन में विशेष सहयोग रहा। रक्तदान करने वालों में सचिन शर्मा, अयाज आलम, ताहिर (जलालाबाद), मोइनुद्दीन अंसारी, गजेंद्र कुमार गोयल, जावेद अंसारी, इमरान अंसारी, सरफराज अहमद, फिरोज अहमद, रियासत सहित 23 रक्तवीरों ने स्वैच्छिक रक्तदान कर मानवता की सेवा का संदेश दिया।

# चौधरी अरुण प्रताप बने क्षेत्रीय बार के अध्यक्ष


चौधरी अरुण प्रताप बने क्षेत्रीय बार के अध्यक्ष।

## एसोसिएशन बायलॉज न बनाये जाने पर रोष जताया

**धामपुर ( चिंगारी )**। क्षेत्रीय बार धामपुर की एक बैठक गजेंद्र वीर सिंह एडवोकेट के आवास पर उनकी अध्यक्षता में आहूत की गई। जिसमें सर्वसम्मति से चौधरी अरुण प्रताप सिंह को क्षेत्रीय बार का अध्यक्ष चुना गया।

बैठक में रमेश सैनी, प्रमोद कौशिक एवं गजेन्द्र वीर सिंह तीनों संरक्षकों की उपस्थिति में पारित प्रस्ताव में कहा गया कि पिछले 2 वर्ष से अधिक समय से क्षेतीय बार धामपुर का कोई बायलॉज नहीं बन पाया है। इस बायलॉज को बनाने की जिम्मेदारी पूर्व संरक्षक हितेश भटनागर व अनिल शर्मा को दी थी, लेकिन दोनों के कार्यकाल में कोई बायलॉज नहीं बना जिसके कारण सदस्यों में रोष था। बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया कि बायलॉज गजेन्द्र वीर सिंह बनाकर सभी सदस्यों के समक्ष रखेंगे । बैठक में वक्ताओं ने कहा कि पिछले 2 वर्ष से अधिक समय से लगातार एडवोकेट रजनीश कुमार आर्य व सुनील कुमार शर्मा क्षेत्रीय बार का संचालन अपनी मर्जी से चला रहे थे, जिसकी मनमानी को देखते हुए चौधरी अरुण प्रताप सिंह को क्षेत्रीय बार का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। बैठक में तय हुआ कि अध्यक्ष ही अपनी व अन्य सभी सदस्यों की सहमति से कार्यकारिणी बनाएंगे। साथ ही पूर्व अध्यक्ष रजनीश कुमार आर्य की कमेटी को एक सप्ताह के भीतर अपना आय-व्यय का ब्यौरा नई कमेटी व संरक्षक गण के समक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

## मीटिंग को फर्जी बताया

**धामपुर ( चिंगारी )। क्षेत्रीय बार एसोसिएशन धामपुर के अध्यक्ष आर.के. आर्य एडवोकेट और महासचिव मो. अली खान ने गजेन्द्रवीर एडवोकेट के आवास पर हुई मीटिंग को फर्जी करार दिया है। प्रेस नोट में दोनों पदाधिकारियों ने कहा कि उस मीटिंग से क्षेत्रीय बार एसोसिएशन धामपुर का कोई मतलब वास्ता नहीं है, क्योंकि गजेन्द्रवीर को क्षेत्रीय बार एसोसिएशन धामपुर से पहले ही निकाला जा चुका है। प्रेस नोट में कहा गया है कि अध्यक्ष के चयन करने या मीटिंग बुलाने का अधिकार केवल संरक्षकों को होता है। जल्द ही एक मीटिंग करके उक्त फर्जी मीटिंग में सम्मिलित कुछ अधिवक्ताओं से अनुशासनहीनता का स्पष्टीकरण मांगा जाएगा। गुटबाजी करने वाले अधिवक्ताओं के खिलाफ एक्शन लिया जाएगा।**

# आनन्द विहार-कोटद्वार के बीच संचालित ट्रेन का नाम रखा जाये कण्वनगरी एक्सप्रेस

**कोटद्वार ( चिंगारी )**। डू समथिंग सोसाइटी के संरक्षक प्रकाश कोठारी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी से आनंद विहार टर्मिनल से कोटद्वार के बीच संचालित हो रही रेल सेवा का नाम कण्वनगरी एक्सप्रेस रखने की मांग की है। इस संबंध में प्रधानमंत्री व गढ़वाल सांसद को प्रेषित स्मृति पत्र में उन्होंने कहा है कि सोसाइटी पूर्व में भी इस संबध में प्रधानमंत्री व गढ़वाल सांसद को स्मृति पत्र प्रेषित कर चुकी है, लेकिन अभी तक इस संबंध में कोई कार्रवाई नहीं हुई है। कहा कि कोटद्वार नगर महर्षि कण्व की तपस्थली व सम्राट भरत की जन्मस्थली के नजदीक बसा हुआ है। रेल सेवा का नाम कण्वनगरी एक्सप्रेस रखने से कोटद्वार का नाम विश्व पर्यटन के मानचित्र पर स्थापित हो सकता है, वहीं इस संबध में रेल विभाग को भी आपत्ति नहीं होनी चाहिए। ज्ञापन में प्रधानमंत्री व गढ़वाल सांसद से इस संबध में सकारात्मक कार्रवाई करने की अपील की गई है।

# डॉ. हिमांशु एरन के पिताश्री डॉ. क्षेमेंद्र गुप्ता का निधन



**बिजनौर ( चिंगारी )**। नेशनल डेंटल कमीशन (भारत सरकार) के डेंटल असेसमेंट एवं रेटिंग बोर्ड के पूर्णकालिक सदस्य तथा रास बिहारी बोस सुभारती विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ. हिमांशु एरन के पूज्य पिताश्री डॉ. क्षेमेंद्र गुप्ता का रविवार सायं लगभग पांच बजे निधन हो गया। उनके निधन से चिकित्सा जगत, शिक्षा जगत तथा सामाजिक क्षेत्र में गहरा शोक व्याप्त हो गया। डॉ. क्षेमेंद्र गुप्ता उत्तर प्रदेश के हल्दौर (जनपद बिजनौर) एवं मेरठ में एक प्रतिष्ठित चिकित्सा विशेषज्ञ के रूप में लंबे समय तक जनसेवा करते रहे। उन्होंने अपने चिकित्सकीय जीवन को केवल उपचार तक सीमित नहीं रखा, बल्कि समाजसेवा को अपना जीवनधर्म बनाया। विशेष रूप से मोतियाबिंद उपचार एवं पोलियो उन्मूलन अभियान में उनका योगदान अत्यंत उल्लेखनीय रहा। उन्होंने हजारों जरूरतमंद लोगों तक चिकित्सा सेवाएं पहुँचाने तथा जनस्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

डॉ. गुप्ता सी.डी. इंटर कॉलेज, हल्दौर तथा चंद्रमणि बाल विकास केंद्र, हल्दौर की प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं आजीवन सदस्य के रूप में उल्लेखनीय कार्य किए। सोमवार को ऋषिकेश स्थित पूर्णानंद श्मशान घाट, मुनि की रेती में पूरे वैदिक रीति-रिवाजों के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। अपने अंतिम क्षणों में भी उन्होंने नेत्रदान किया।

# सोने की चेन झटकने का प्रयास करने वाले थमें

**ऋषिकेश ( चिंगारी )**। श्रीमती रेखा त्यागी निवासी सी-57 बैराज कॉलोनी, ऋषिकेश ने थाना कोतवाली ऋषिकेश पर प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि 02 अगस्त 2026 को वह बैराज रोड पर दूध लेने जा रही थी कि मोटरसाइकिल सवार दो युवकों द्वारा उनके गले से चेन छीनने का प्रयास किया गया। विरोध करने पर अभियुक्तों द्वारा उनके साथ मारपीट की गई, जिससे उनके गले पर खरोंच एवं चोट आई। तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली ऋषिकेश पर मुकदमा दर्ज किया गया।अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम गठित की गई।गठित पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए दोनों व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। उनकी पहचान, राहुल कुमार पुत्र बचन सिंह व विकास पुत्र संजय कुमार दोनों निवासी खेल्लानी, डोडा, जम्मू-कश्मीर को मोटरसाइकिल सहित आईडीपीएल गोल चक्कर के पास पकड़ लिया गया।

# मिट्टी सड़क पर पलट कर ट्रैक्टर-ट्राली चालक फरार



ट्रैक्टर ट्राली को थाने ले जाते तहसील कर्मचारी।

**अल्हैपुर-धामपुर ( चिंगारी )**। थाना क्षेत्र के अल्हैपुर क्षेत्र में अवैध मिट्टी का खनन धड़ल्ले से चल रहा है। खासतौर से रानी बाग पुलिस चौकी क्षेत्र में आए दिन अवैध खनन की ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़ी जा रही हैं। बता दें, कि सोमवार की शाम 4 बजे मुन्नी देवी मंदिर रोड पर अवैध मिट्टी से भरी दो ट्रैक्टर-ट्रॉली की जब राजस्व विभाग की टीम ने रोका तो एक ट्रैक्टर ट्राली चालक सड़क पर ही मिट्टी पलट कर वाहन लेकर भाग गया। वहीं दूसरा चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। राजस्व विभाग की टीम मिट्टी से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली को थाने ले गई। उधर अधिकारियों का कहना है कि जांच कर कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

# क्षण भर में प्रसन्न हो जाते हैं सदाशिव भगवान- संघर्षी

**चांदपुर ( चिंगारी )**। नगर के मुहल्ला गोकुलनगर स्थित 'शिव-गौरी' मंदिर में आयोजित 'सदाशिव महापुराण' के प्रथम दिवस प्रवचन करते हुए कथा व्यास महंत पं. रविन्द्र भारद्वाज संघर्षी जी महाराज ने कहा कि- सदाशिव भगवान ही सम्पूर्ण संसार की संचार शक्ति के केन्द्र है। जब इनकी ही इच्छा संसार में श्रृष्टि निर्माण की होती है, तभी ये एक शून्य को ब्रह्मांड में परिवर्तित करके ब्रह्म, विष्णु, तथा शंकर भगवान को उत्पन्न करके, निमित्त कार्य सौंप देते हैं।

सदाशिव महापुराण के मुख्य यजमान डा. सुरेश कुमार सैनी (मेरठिया) एवं शलभ अग्रवाल सपत्नीक रहे। जबकि कथा में आचार्य की भूमिका पं. देव भारद्वाज (देवाशीष महाराज) ने निर्वाह की। कथा में विकास सिंघल, निर्देश सैनी, मयंक सिंघल, हर्षित भारद्वाज, हर्षित प्रजापति, रेशव भारद्वाज, श्रीमती



सुनीता गोयल, श्रीमती राशि अग्रवाल, श्रीमती आदेश वर्मा, श्रीमती नीरज चौधरी, श्रीमती डिम्पल अग्रवाल,श्रीमती ममता भारद्वाज, श्रीमती बीना साधना, श्रीमती धारणा चौधरी, श्रीमती प्रीति चौधरी, श्रीमती मंजु भटनागर, श्रीमती अलका सिंगल, श्रीमती चंचल अग्रवाल, श्रीमती माया अग्रवाल, श्रीमती आशा देवी, कु. सुहानी, कु. साक्षी पवार का विशेष योगदान रहा।

# स्कूल से गायब रहना शिक्षक को पड़ा भारी, निलंबित

## एक महीने से अनुपस्थित चल रहे थे गंधौर के शिक्षक विशेष कुमार

**बिजनौर ( चिंगारी )**। विकास क्षेत्र जलीलपुर के कंपोजिट विद्यालय गंधौर के शिक्षक विशेष कुमार को स्कूल से गायब रहना भारी पड़ गया है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सचिन कुमार कसाना ने खंड शिक्षा अधिकारी की आख्या पर शिक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबित किए गए शिक्षक विशेष कुमार को ब्लॉक संसाधन केंद्र नूरपुर से संबद्ध किया गया है।

परिषदीय विद्यालय में कई शिक्षकों ने स्कूल से बिना बताए गायब रहने की नई परिपाटी शुरू कर दी है। पिछले दिनों में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सचिन कुमार कसाना ने जिले के सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिये थे कि विद्यालय के निरीक्षण के दौरान स्कूलों से अनुपस्थित चल रहे शिक्षकों पर शिकंजा कसा जाना चाहिए। विकास क्षेत्र जलीलपुर के कंपोजिट विद्यालय गंधौर के शिक्षक विशेष कुमार के स्कूल से गायब रहने की बेसिक शिक्षा विभाग को शिकायत मिल रही थी। बीएसए सचिन कसाना ने जुलाई माह से स्कूल से गायब चल रहे अध्यापक विशेष कुमार खंड शिक्षा अधिकारी से जांच कराई थी। आख्या के आधार पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने शिक्षक विशेष कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर ब्लॉक संसाधन केंद्र नूरपुर से संबंध कर दिया है।

# चेहलुम पर सैदपुरी में निकला मातमी जुलूस



**नांगल सोती ( चिंगारी )**। कमेटी अंजुमन-ए-इमामिया सैदपुरी सादात के तत्वावधान में आज चेहलुम पर ग्राम सैदपुरी में शिया समुदाय का मातमी जुलूस आज सुबह लगभग 9 बजे से पंचायती इमामबाड़े से शुरू होकर दोपहर को हुसैनी चौक पर पहुंचा। हुसैनी चौक पर मौलाना जाकिर (सैदपुरी) ने तकरीर करते हुए पैगाम-ए- कर्बला दिया। इमाम हुसैन तथा उनके परिवारजनों एवं साथियों को जालिम यजीद द्वारा दी गई यातनाओं को सुनकर वहां मौजूद सैकड़ों महिलायें-पुरुष फूट-फूटकर रोने लगे। सोगवारों ने जंजीरी मातम कर खुद को बुरी तरह से लहूलुहान कर लिया। वातावरण में 'या हुसैन, या हुसैन', 'हुसैनियत जिंदाबाद', 'यजीदियत मुर्दाबाद', 'सैय्यद तेरे नाम पर, जान भी कुर्बान है' आदि जोशीले नारे गुंजायमान हो उठे। मर्सियाख्वानी अंजार अली, मौ. फैजी, बल्लन, खिलअत हैदर आदि ने और नोहाख्वानी मौ. कैफ, परवेज़ हैदर, शहंशाह बिजनौर आदि ने की। सोगवारों में मौजिज हुसैन, ज़ाकिर अली, मौ. अब्बास, विकार अली, मौ. हैदर, नायाब जैदी, शहबाज़ ज़ैदी, मुसर्रत हुसैन, नवाब हैदर, कैसर रजा, अली रज़ा, हसन मेंहदी, रिहान हैदर, लड्डन, इतरत आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे। जुलूस निर्धारित मार्गों से होते हुए गांव के जंगल में स्थित कर्बला के मैदान में पहुंचकर समाप्त हुआ। अन्त में कर्बला के मैदान में ताजिया दफ्न किया गया। शिया समुदाय का मातमी जुलूस सम्पन्न होने के बाद अपराहन लगभग दो बजे से सुन्नी समुदाय द्वारा अखाड़े का जुलूस निकाला गया। खलीफा मौ. आरिफ के नेतृत्व में खिलाड़ियों ने अखाड़े के करतब दिखाये। हमराज अली, मेहर अली, नवाजिश हुसैन, शाहिद अख्तर, नजीबुल हसन आदि शामिल रहे।

# भाकियू टिकैत के ब्लॉक उपाध्यक्ष बने फईम



**नांगल सोती ( चिंगारी )। समीपवर्ती ग्राम सराय आलम निवासी फईम अहमद को भाकियू ( टिकैत ) में ब्लॉक नजीबाबाद का उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। फईम अहमद का कहना है कि वे संगठन की मजबूती के लिये पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करेंगे।**

# पिंडदान स्थल पर लगे गंदगी के ढेर बीमारी फैल सकती देर-सवेर



**नांगल सोती ( चिंगारी )**। ग्राम पंचायत जालपुर में बस्ती से सटे पिण्डदान स्थल के आसपास भारी मात्रा में कूड़ा पड़ा हुआ है, जिससे ग्रामीणों में नाराजगी है। नीरज सिंह, ओमपाल सिंह, विजेन्द्र सिंह, विजय सिंह, कामेन्द्र सिंह, समरपाल सिंह आदि ग्रामीणों का कहना है कि गांव से जंगल को होते हुए नांगल को जाने वाले मार्ग पर बस्ती से सटा हुआ पिंडदान स्थल है। गांव की नालियों से निकलने वाले कूड़े को पिंडदान स्थल के समीप भारी मात्रा में डाल दिया गया है। उक्त मार्ग से किसानों के अलावा काफी संख्या में बच्चे भी पढ़ने के लिये जाते हैं। गंदगी से उठ रही तीव्र दुर्गन्ध के कारण उक्त मार्ग से गुजरना मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि पिंडदान स्थल के पास जमा गंदगी के कारण जहां लोगों की धार्मिक भावनायें आहत हो रही हैं, वहीं लोगों को संक्रामक बीमारियों के फैलने की भी आशंका है। उक्त स्थान के समीप ही जल जीवन मिशन योजना का ओवरहेड टैंक भी स्थित है। इस सम्बन्ध में खंड विकास अधिकारी दीपक कुमार तेवतिया का कहना है कि पंचायत सचिव को पिंडदान स्थल के समीप से अविलंब कूड़ा हटवाने के सख्त निर्देश दिये गये हैं। यदि कूड़ा नहीं हटवाया जाता है, तो कार्यवाही की जायेगी।


मिर्गी दौरे

(मिर्गी के लक्षण)

1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ-पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुट्ठियां कसना, आंखें पथराना





डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'

M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A., F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)

डा. अर्सलान अय्यूब

M.B.B.S. (TU), M.I.P.S., Member of Indian Psychiatry Association



(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)

1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार-बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान

45 वर्ष से आपकी सेवा में

मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र

पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैंक के सामने, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.- 9997892556, 9997411423


# चांदपुर के झारखंड मंदिर में उमड़ी भीड़



**चांदपुर ( चिंगारी )**। सावन के प्रथम सोमवार को मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। श्रद्धालुओं ने पंचामृत के साथ भगवान शंकर को जलाभिषेक कर फल, फूल,भाग, धतूरा, बेलपत्र अर्पित कर मन्नत मांगी। श्रद्धालुओं ने उपवास भी रखा। कल सुबह से ही ग्राम स्याऊ स्थित बाबा झारखंड शिव मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। श्रद्धालुओं ने भगवान शंकर का श्रृंगार किया तथा भगवान शंकर की पूजा कर उनको जल, फल, फूल, बेलपत्र अर्पित किए तथा मन्नत मांगी। ऐसी मान्यता है कि बाबा झारखंड शिव मंदिर में मांगी गई मन्नत भगवान शंकर अवश्य पूरी करते हैं।

## मंदिर में कांवड़ शिविर का शुभारंभ

**अल्हैपुर-धामपुर ( चिंगारी )। स्योहारा रोड पर मुन्नी देवी मंदिर के प्रांगण में गत वर्षो की भांति कांवड़ शिविर का शुभारंभ हो चुका है। शिविर के संचालक सतीश कुमार ने बताया कि यह शिविर 2015 से निःशुल्क चलता आ रहा है। इस शिविर में लगभग 1200 शिव भक्तों के रुकने की व्यवस्था रहती है। शिविर में 24 घंटे खाने व नाश्ते की सेवा उपलब्ध रहती है। बताया गया कि शिविर में 1 अगस्त से 24 अगस्त तक दिन-रात कांवड़ियों की निःशुल्क सेवा की जाएगी। शिविर में सतीश कुमार, सुभाष कुमार, करन सिंह, ह्वदेश शर्मा, मनीष कुमार, सुभाष कश्यप आदि लोगों का भरपूर सहयोग रहता है।**

## गूंजे हर-हर महादेव के बोल भक्तिमय हुआ माहौल

**खासपुरा ( चिंगारी )**। सावन माह के पहले सोमवार के अवसर पर खासपुरा स्थित प्राचीन शिव मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए श्रद्धालु तड़के से ही मंदिर में पहुंचने लगे थे। भक्तों ने गंगाजल, दूध, बेलपत्र, धतूरा और पुष्प अर्पित कर भगवान भोलेनाथ की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की तथा परिवार की खुशहाली की कामना की। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। भीड़ को देखते हुए मंदिर समिति की ओर से आवश्यक व्यवस्थाएं की गईं, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। पूरे दिन मंदिर परिसर 'हर-हर महादेव' और 'बम-बम भोले' के जयघोष से भक्तिमय माहौल बना रहा।

# उत्तराखंड में ओहो रेडियो 89.2 का शुभारंभ

**देहरादून/नैनीताल (चिंगारी)।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को बल्लूपुर देहरादून में ओहो रेडियो 89.2 एफएम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि रेडियो आज भी जनसंवाद, जनजागरूकता और सामाजिक चेतना का अत्यंत प्रभावी माध्यम है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि ओहो रेडियो सामाजिक जागरूकता बढ़ाने, सकारात्मक संवाद को प्रोत्साहित करने तथा जनहित से जुड़े विषयों को समाज के विभिन्न वर्गों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।



मुख्यमंत्री ने कहा कि रेडियो सूचना, शिक्षा और मनोरंजन का ऐसा माध्यम है, जिसकी पहुंच समाज के अंतिम व्यक्ति तक है। शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं, सामाजिक सरोकारों, आपदा प्रबंधन, स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण तथा अन्य महत्वपूर्ण जानकारियों को आमजन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने में रेडियो जैसे माध्यमों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा राज्य सरकार द्वारा विभिन्न संचार मंचों के माध्यम से उत्तराखण्ड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, लोकभाषाओं, लोककलाओं, लोकसंगीत तथा स्थानीय प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है।

# महाविद्यालय में नशा मुक्ति अभियान चलाया नशे से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में बताया

**कोटद्वार (चिंगारी)।** देश के प्रधानमंत्री के राष्ट्रव्यापी संकल्प नशा मुक्त युवा, विकसित भारत अभियान के अंतर्गत राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कोटद्वार में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा स्वस्थ, सशक्त एवं नशा-मुक्त समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करना रहा। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डॉ. डी.एस. नेगी ने कहा कि युवा शक्ति ही राष्ट्र की सबसे बड़ी ताकत है। यदि युवा नशे से दूर रहकर सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ें, तो विकसित भारत के लक्ष्य को शीघ्र प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से इस जन-जागरूकता अभियान को अपने परिवार और समाज तक पहुंचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मीनाक्षी वर्मा ने नशे के शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक दुष्प्रभावों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए युवाओं से नशे से दूर रहने का आह्वान किया।

इसके पश्चात महाविद्यालय परिसर एवं नगर क्षेत्र में नशा मुक्ति जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से छात्र-छात्राओं ने जनसामान्य को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया। इस अभियान में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक शिक्षणेत्तर कर्मचारी, राष्ट्रीय सेवा योजना, राष्ट्रीय कैडेट कोर, भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी, रोवर-रेंजर इकाई के स्वयंसेवियों एवं समस्त छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

# शिक्षकों की अन्यत्र ड्यूटी लगाई छात्रों की कैसे हो फिर पढ़ाई?

**कोटद्वार (चिंगारी)।** गढ़वाल मंडल के राजकीय इंटर कॉलेजों में शिक्षकों की कमी के बीच एसआईआर सहित अन्य गैर शैक्षणिक कार्यों में शिक्षकों की ड्यूटी लगने को राजकीय शिक्षक के पदाधिकारियों ने अनुचित बताया है। कहा कि इस कारण छात्रों का पठन पाठन प्रभावित हो रहा है। यहां जारी एक बयान में संघ के मंडलीय अध्यक्ष जयदीप रावत व मंत्री मनमोहन सिंह चौहान ने कहा कि राजकीय विद्यालय पहले से ही शिक्षकों की कमी से जूझ रहे हैं, और अब अधिकांश विद्यालयों के शिक्षकों की ड्यूटी एस आई आर व अन्य गैर शैक्षणिक कार्यों में लगा दी गई है, जिससे शिक्षण कार्य प्रभावित हो रहा है। शिक्षकों की ड्यूटी गैर शैक्षणिक कार्य में न लगाए जाने के शासन के विभागीय आदेशों के बावजूद बड़ी संख्या में शिक्षकों की ड्यूटी एसआइआर में लगाई गई है, जिसका असर छात्रों की पढ़ाई पर पढ़ रहा है। वहीं इस कारण निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत छात्रों का पाठ्यक्रम पूरा होना संभव नहीं है। दूसरी ओर परीक्षाफल कम होने पर भी शिक्षकों को ही जिम्मेदार ठहराया जाता है जो उचित नहीं है। मौके पर उन्होंने शासन प्रशासन से राजकीय शिक्षकों की ड्यूटी किसी भी दशा में गैर शैक्षणिक कार्यों में न लगाने की मांग की।

चिंगारी
कोटद्वार में समाचार एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।
शराफत अली पत्रकार
मो. 9412922231, 7417871942

# द्वारीखाल ब्लाक के नवनिर्वाचित उपप्रधानों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई

**कोटद्वार (चिंगारी)।** विकास खण्ड द्वारीखाल स्थित शहीद विपिन रावत सभागार में उप-प्रधानों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ब्लाक प्रमुख बीना राणा ने उपस्थित उप-प्रधानों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर विकास खण्ड की 97 ग्राम पंचायतों में से 76 उप-प्रधानों द्वारा पद एवं गोपनीयता की शपथ ली गयी। सहायक विकास अधिकारी पंचायत कृष्णपाल सिह सैनी द्वारा सभी नव-निर्वाचित उप-प्रधानों को उनके कर्तव्य एवं अधिकारों के बारे में जानकारी दी गई। खण्ड विकास अधिकारी जयकृत सिह बिष्ट ने सभी उप-प्रधानों से ग्राम पंचायतों के विकास में पूर्ण सहयोग देने का आह्वान किया। ब्लाक प्रमुख बीना राणा ने कहा कि उप-प्रधान का पद भी ग्राम पंचायत में बहुत महत्वपूर्ण है सभी उप-प्रधान अपनी-अपनी ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों में प्रधान का सहयोग करेंगे तभी हमारी ग्राम पंचायतें आदर्श ग्राम पंचायत बनेंगी। इस अवसर पर प्रधान संगठन के अध्यक्ष विजेन्द्र रावत, जिला पंचायत सदस्य सुराडी अर्जुन सिह नेगी आदि कई गणमान्य ब्यक्ति एवं जन-प्रतिनिधि उपस्थित रहें।

# मंदिर में स्वच्छता कार्यक्रम किया आयोजित श्रद्धालुओं को किये कपड़े के थैले वितरित

**कोटद्वार (चिंगारी)।** स्वावलंबी ग्रामीण हिमालय समिति पदमपुर मोटाढ़ाक की ओर से हरित हिमालय, स्वच्छ हिमालय अभियान के तहत भाबर क्षेत्र के मवाकोट स्थित जगदेव बाबा मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया। मौके पर मंदिर पहुंचे श्रद्धालुओं को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करते हुए कपड़े के थैले वितरित किए गए और सिंगल यूज प्लास्टिक एवं पॉलीथिन का उपयोग पूरी तरह बंद करने की अपील की गई। अभियान में समिति के कार्यकर्ताओं के साथ नव ज्योति कीर्तन मंडली और लक्ष्मी नारायण कीर्तन मंडली की महिला सदस्यों ने भी मंदिर परिसर की सफाई में सहयोग किया। मौके पर समिति के संस्थापक अध्यक्ष जगमोहन सिंह ने लोगों से दैनिक जीवन में कपड़े के थैलों का उपयोग अपनाने, प्लास्टिक का बहिष्कार करने और अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लेने का आह्वान किया। इस दौरान समिति सचिव आशीष रावत, अभियान संयोजक सतेंद्र सिंह रावत व कोषाध्यक्ष विनोद सिंह सहित कीर्तन मंडली की महिलाएं मौजूद रही।

# ‘हर घर तिरंगा’ अभियान से प्रत्येक नागरिक को जोड़ें

## डॉ. प्रेमचन्द ने बैठक में कार्यकर्ताओं का आह्वान किया



**ऋषिकेश (चिंगारी)।** विधायक, पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल ने अपने कैंप कार्यालय में ऋषिकेश मंडल अध्यक्ष मनोज ध्यानी, वीरभद्र मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, श्यामपुर मंडल अध्यक्ष चंद्र मोहन पोखरियाल, रायवाला मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र बिष्ट, मंडल महामंत्री अन्य पदाधिकारियों के साथ बैठक में आगामी स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा करते हुए कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि स्वतंत्रता दिवस को पूरे उत्साह, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति की भावना के साथ मनाया जाए तथा हर बूथ और हर क्षेत्र में इसकी भव्यता सुनिश्चित की जाए। डॉ. अग्रवाल ने विशेष रूप से ‘हर घर तिरंगा’ अभियान को सफल बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे घर-घर जाकर लोगों को इस अभियान से जोड़ें और प्रत्येक नागरिक को अपने घर पर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित करें। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि संगठन की शक्ति ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है और इसके लिए प्रत्येक कार्यकर्ता की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। डॉ. अग्रवाल ने वोटर लिस्ट को सशक्त बनाने के लिए अधिक से अधिक नए मतदाताओं को जोड़ने पर बल दिया। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का लक्ष्य केवल चुनाव जीतना नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचकर उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपेक्षा की कि वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ संगठन के कार्यक्रमों को सफल बनाएं तथा सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं।


# चेस प्रतियोगिता में आशीष व अनय शर्मा बने विजेता

**कोटद्वार (चिंगारी)।** योगा एंड मार्शल आर्ट्स स्टूडियो की ओर से दुर्गापुरी स्थित शंकर मार्केट में चेस टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट में आशीष नेगी और अनय शर्मा विजेता रहें। बालक वर्ग की सात राउंड की प्रतियोगिता में आशीष नेगी, रत्नेश रावत, देव ध्यानी ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंडर-10 कैटेगरी में अनय शर्मा विजेता और श्रेयांश उपविजेता रहे। मुख्य अतिथि पार्षद अमित नेगी और सेनि. सूबेदार मेजर लाल सिंह नेगी ने विजेता प्रतिभागियों को मेडल देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर योगा एंड मार्शल आर्ट्स स्टूडियो के अध्यक्ष प्रभाकर नेगी, रवींद्र नेगी, रोहित केष्टवाल और सरिता नेगी आदि मौजूद रहे।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक सूर्यमणि रघुवंशी ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-स्व. बाबू सिंह चौहान।
सम्पादक-सूर्यमणि रघुवंशी।
आर. एन. आई. नं. 2417/57
डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27
E-Mail: dainikchingari@gmail.com

# बुर्का पहनकर कांवड़ लाने वाली तमन्ना पर संभल प्रशासन का शिकंजा

## शांति भंग की आशंका में एसडीएम कोर्ट ने भेजा नोटिस




**संभल (एजेंसी/चिंगारी)।** यूपी के संभल में कुछ महीने पहले बुर्का पहनकर कांवड़ लाने वाली तमन्ना मलिक और उसके पति अमन त्यागी को एसडीएम कोर्ट ने नोटिस भेजा है। तमन्ना मलिक सावन में भी बुर्का पहनकर कांवड़ यात्रा पर निकलने वाली थी। इसकी जानकारी मिलने पर तमन्ना और उसके पति अमन को कोर्ट से कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक, संभल प्रशासन ने शांति भंग होने की आशंका के चलते ये नोटिस जारी किया है। दंपति को 20 हजार रुपये के मुचलके से पाबंद किया गया। बीते फरवरी महीने की शिवरात्रि पर बुर्का पहनकर हरिद्वार से कांवड़ लाने वाली तमन्ना मलिक ने संभल के नैमिषारण्य तीर्थ पर जलाभिषेक किया था। बुर्का पहनकर जलाभिषेक करने के बाद तमन्ना मलिक ने सोशल मीडिया पर धमकियां मिलने का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई थी। इन्हीं सबके चलते प्रशासन पहले से मुस्तैद है। किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए सारे इंतजाम किये जा रहे हैं। बता दें कि बीती शिवरात्रि को संभल निवासी तमन्ना मलिक ने बुर्का पहनकर हरिद्वार से 170 किलोमीटर की पैदल कांवड़ यात्रा पूरी की और महाशिवरात्रि पर क्षेमनाथ मंदिर में जलाभिषेक किया। तमन्ना ने साढ़े तीन साल पहले हिंदू युवक अमन त्यागी से शादी की थी और शादी सफल होने की मन्नत पूरी करने के लिए उन्होंने यह कदम उठाया।











